

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ छात्रों से संवाद करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 218 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### रॉबर्ट वाड्रा की अग्रिम जमानत रद्द करने की याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में रॉबर्ट वाड्रा को मिली अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग करने वाली ईडी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है। इस मामले पर अगली सुनवाई सितंबर में होगी। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि वाड्रा जमानत की शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। उसके बाद हाई कोर्ट ने ईडी को अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दे दिया। 26 सितंबर 2019 को सुनवाई के दौरान ईडी ने हाईकोर्ट से कहा था कि वाड्रा की हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत है क्योंकि मनी ट्रेल सीधे-सीधे वाड्रा से जुड़ा हुआ है। ईडी ने कहा था कि वाड्रा जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी की इस दलील का वाड्रा ने विरोध करते हुए कहा था कि ईडी ने जब भी समन जारी किया है वे जांच में शामिल हुए हैं। ईडी ने जो भी सवाल पूछा है उसका जवाब दिया गया है। वाड्रा के वकील ने कहा था कि आरोप स्वीकार नहीं करने का ये मतलब नहीं होता है कि आरोपित असहयोग कर रहा है। 24 सितंबर 2020 को वाड्रा ईडी की याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दायर कर ईडी की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ की कोई आशंका नहीं है क्योंकि ईडी ने उनसे सभी दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। वाड्रा ने कहा था कि उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं हैं। बिना समन जारी किए ही वे ईडी के समक्ष पेश हो गए। उनकी विदेश में कोई संपत्ति नहीं है और न ही उन्होंने किसी डील में कोई रिश्वत ली है। ईडी ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए हैं। ईडी का मकसद वाड्रा को लेकर कोर्ट और आम लोगों में केवल भ्रम फैलाना है।

### बोइंग ने अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू किया

नई दिल्ली। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने भारतीय सेना को दिए जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कुल छह एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना को सौंपेगी। अपाचे के धड़ का निर्माण हैदराबाद में टाटा बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड सुविधा में किया गया है। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को बताया कि उसने भारतीय सेना को सौंपे जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन एरीजोना के मेसा में शुरू कर दिया है।

# विश्वकर्मा योजना को मंजूरी

कैबिनेट के फैसले- 10 हजार ई-बस चलाएगा केंद्र, 3 लाख से ज्यादा आबादी वाले 100 शहर कवर होंगे, कामगारों को एक लाख का लोन मिलेगा

**कैबिनेट के फैसले**

**7 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर जोड़े जायेंगे'**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केन्द्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को विश्वकर्मा योजना, ग्रीन मोबीलिटी, रेलवे और डिजिटल इंडिया के विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

**केन्द्रीय मंत्रिमंडल के ये फैसले इस प्रकार हैंः** - कैबिनेट ने 13 हजार करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ ग्रामीण और शहरी भारत के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को समर्थन देने के लिए 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को मंजूरी दी। रेलवे के बुनियादी ढांचे को अधिक बढ़ावा देने के लिए मंत्रिमंडल ने लगभग 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली रेल मंत्रालय की 7 परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर जोड़े जायेंगे। कैबिनेट ने सिटी बस संचालन को बढ़ाने के लिए पीएम-ईबस सेवा को मंजूरी दी है। बिना क्लस्टर बस सेवा वाले शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी। 169 शहरों में 10 हजार ई-बसें तैनात की जाएंगी। ग्रीन अर्बन मोबिलिटी के तहत 181 शहरों में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने डिजिटिल इंडिया के विस्तार को मंजूरी प्रदान की है। इससे दूर दराज के क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

## कैबिनेटः 'पीएम ई-बस सेवा' को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने शहरी ई-बस संचालन को बढ़ाने के लिए पीएम ई-बस सेवा को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को 57,613 करोड़ की लागत की परियोजना को मंजूरी प्रदान की। इसमें से 20 हजार करोड़ केंद्र सरकार देगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना के तहत 169 शहरों में पीपीपी मॉडल पर 10 हजार ई-बसें चलाई जाएंगी। ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पहल के तहत 181 शहरों में बुनियादी ढांचे को उन्नत किया जाएगा। इस योजना में बस संचालन से जुड़े 10 वर्ष की सहायता भी शामिल होगी। योजना में 3 लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाले शहरों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश पूर्वोत्तर क्षेत्र और पहाड़ी राज्यों के सभी राजधानी शहरों को इसमें शामिल किया जाएगा। ऐसे शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां पर पहले से कोई क्लस्टर बस सेवा नहीं है। इस योजना से 45 से 55 हजार लोगों को सीधे रोजगार प्राप्त होगा।





## सार्वजनिक परिवहन में सुधार होगाः अनुराग

**क्या कुछ बोले अनुराग ठाकुर?** बता दें कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस फैसले से शहरों में सार्वजनिक परिवहन में सुधार होगा और यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित भारत के उद्देश्यों के अनुरूप भी है। उन्होंने कहा, 57,613 करोड़ रुपये में से 20,000 करोड़ रुपये केंद्र सरकार देगी। यह योजना 3 लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों को कवर करेगी।

## रेलवे की सात परियोजनाओं को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे को विस्तार देने के क्रम में 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाली सात परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 2,339 किलोमीटर का विस्तार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेल मंत्रालय से जुड़ी 7 परियोजनाओं को आज मंजूरी प्रदान की। इनमें गोरखपुर-कैंट-वाल्मीकि नगर, मुदखेड-मेडचल और महबूबनगर-धोन, गुंटूर-बीबीनगर, चोपन-चुनार रेलवे लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा। सोन नगर-अंडाल मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट की मल्टीट्रैकिंग की जाएगी। नेरगुंडी-बारंग और खुर्दा रूड-विजयनगरम में तीसरी लाइन बनाई जाएगी। सामाखियाली-गांधीधाम लाइन का चौहरीकरण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे से जुड़ी इन परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। यह परियोजनाएं पीएम गति शक्ति मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी राष्ट्रीय मास्टर प्लान का नतीजा है। परियोजनाओं को पूरी तरह से केंद्र सरकार वित्त पोषित करेगी। यह परियोजनाएं आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के 35 जिलों को कवर करेंगी। इन रेल परियोजनाओं से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में 2339 किलोमीटर का विस्तार होगा। 20 करोड़ टन की सालाना माल ढुलाई बढ़ेगी। इससे इन राज्यों के लोगों को 7.06 करोड़ दिवस का रोजगार मिलेगा। रेलवे संचालन आसान होंगे और भीड़-भाड़ कम होगी। इससे रेलवे को सबसे व्यस्ततम मार्गों के लिए जरूरी ढांचागत विस्तार मिलेगा।

# नूंह में 28 को फिर निकलेगी जलाभिषेक यात्रा

सरकार द्वारा 28 अगस्त को होने वाली ब्रज मंडल यात्रा को मंजूरी दे दी



**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**

**हरियाणा** के नूंह में 31 जुलाई को जलाभिषेक यात्रा पर पथराव और हिंसा के बाद अधूरी यात्रा फिर से निकाली जाएगी। हरियाणा सरकार द्वारा 28 अगस्त को होने वाली ब्रज मंडल यात्रा को मंजूरी दे दी गई है।

**सरकार से यात्रा को मिली मंजूरीः** 28 अगस्त को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा में सरकार व प्रशासन के सामने व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बड़ी चुनौती होगी। यात्रा के लिए विहिप (विश्व हिंदू परिषद) पदाधिकारियों ने बैठक कर रूप रेखा तैयार की। अब सरकार से यात्रा को मंजूरी मिल गई है।

**28 अगस्त को सावन का अंतिम सोमवारः** खास बात है कि अब तक मेवात में माहौल पूरी तरह शांत नहीं हो पाया है। प्रशासन उपद्रवियों पर कार्रवाई कर रहा है। बता दें कि 28 अगस्त को अंतिम सोमवार है। ऐसे में पूरी उम्मीद है कि इस यात्रा में ब्रजमंडल के बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों समेत अन्य श्रद्धालु भाग लेंगे। 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई ब्रज मंडल यात्रा पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया था।

इसके बाद हिंसा भड़की। कई जगहों पर गोलीबारी भी हुई थी। यात्रा पर पथराव और फायरिंग के बाद भड़की हिंसा में गुरुग्राम के दो होमगार्ड समेत छह लोगों को मौत हो गई थी। नूंह (मेवात) में हुई हिंसा की आग पड़ोसी जिलों में देखने को मिली थी। हिंसा के बाद से प्रशासन की उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। करीब 400 लोगों की गिरफ्तार हो चुकी है। साथ ही हिंसा के मामले में 150 से अधिक एफआईआर भी दर्ज की गई।

**यात्रा**

**31 जुलाई को जलाभिषेक यात्रा पर पथराव और हिंसा के बाद अधूरी यात्रा फिर से निकाली जाएगी**

# नहीं मिला बीजेपी से कोई ऑफरः पवार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

महाराष्ट्र में जारी सियासी उठापटक के बीच राकांपा सुप्रीमो शरद पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। छत्रपति संभाजी नगर में एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि पिछले आठ-10 दिनों से मैं पूरे महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहा हूं। दो दिन पहले सोलापुर के सांगोला इलाके में कम से कम 1000 लोगों ने अलग-अलग जगहों पर मेरी कार रोकी। पुणे, सतारा और अन्य स्थानों पर पार्टी के कई कार्यकर्ता मुझसे मिलने आए। मैं बीड का दौरा करूंगा।

**'लोगों के बीच दरार पैदा करना चाहती भाजपा'**: उन्होंने कहा,



'इंडिया' की अगली बैठक मुंबई में होगी। भाजपा और उनके साथी विपरीत काम कर रहे हैं। भाजपा से लड़ने के लिए सफल रणनीति बनाएंगे। पवार ने यह भी कहा कि विभाजन दिवस मनाने का फैसला गलत था। भाजपा लोगों में दरार पैदा करना चाहती है और लोगों को धर्म, समुदाय के आधार पर बांट रही है।

**'मणिपुर संवेदनशील मामला, अतिरिक्त सावधानी की आवश्यकता'**: राकांपा प्रमुख ने आगे कहा, भाजपा सरकारों को अस्थिर कर रही है। मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में सरकारों को अस्थिर किया गया गया। मणिपुर हिंसा को लेकर उन्होंने कहा, मणिपुर संवेदनशील राज्य है और वहा अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**रूख साफ किया**

**शरद पवार ने कहा कि पिछले आठ-10 दिनों से मैं पूरे महाराष्ट्र में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिल रहा हूं**

## अदालतों में प्रॉस्टिट्यूट-मिस्ट्रेस जैसे शब्द इस्तेमाल नहीं होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने न्यायिक प्रकिया में महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले रूढ़िवादी शब्दों का इस्तेमाल रोकने के लिए एक हैंडबुक रिलीज की है। इस हैंडबुक में महिलाओं को लेकर इस्तेमाल होने वाले ऐसे शब्दों और उनकी जगह इस्तेमाल किए जा सकने वाले बेहतर शब्दों की सूची है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि वकील अपनी दलीलों में और जज अपने फैसले में इस हैंडबुक का फायदा उठाकर महिलाओं के लिए बेहतर शब्दों का इस्तेमाल कर सकेंगे।



अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की। इससे पूर्व जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए। साथ में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

# 'जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें विद्यार्थी'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में हमीदिया महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और छात्रों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद किए जाएंगे। यहां के पूर्व विद्यार्थियों और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे। भोपाल कलेक्टर उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिए या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का लोकार्पण किया।

**शिक्षा पर जोर**

**नए संकाय खुलेंगे, हमीदिया महाविद्यालय के अमृत महोत्सव में जुटे वर्ष 1946 से 2023 तक के विद्यार्थी**

# उत्तराखंड : तीसरे दिन भी नहीं खुल पाया बदरीनाथ हाइवे

**टीम एक्शन इंडिया/गोपेश्वर**

**बीती रात्रि** को हुई भारी बारिश के कारण उत्तराखंड के बदरीनाथ हाइवे दस से अधिक स्थानों पर बाधित हो गया था। पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में तीस मीटर सड़क वॉश आउट होने के कारण यातायात बाधित हो गया था। हालांकि अधिकांश स्थानों पर हाइवे सुचारु कर लिया गया है लेकिन भनेर पानी में हाइवे को खोलने के प्रयास एनएच की ओर से किये जा रहे हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्र बंड और कौंज पौथनी क्षेत्र में पिछले चार दिनों से बिजली पानी की आपूर्ति ठप चल रही है, जिससे ग्रामीणों को



खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों से संपर्क करना कठिन हो रहा है। ऐसी स्थिति में यदि कोई अनहोनी घटित होती है तो ग्रामीणों का एक दूसरे से संपर्क करना भी मुश्किल हो जायेगा। प्रशासन की ओर से बंड क्षेत्र के आपदा प्रभावितों के लिए राहत कैंप में ही भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही जिन घरों में मलबा भरा है उन्हें साफ करने के लिए मजदूर भी लगवा दिये गये हैं। जिला आपदा परिचालन केंद्र और जिला सूचना कार्यालय के अनुसार बदरीनाथ हाइवे पीपलकोटी से आगे भनेर पानी में तीस मीटर के लगभग वॉशआउट हो रखा है।

**अवरूद्ध**

**हाइवे सुचारु कर लिया गया है लेकिन भनेर पानी में हाइवे को खोलने के प्रयास एनएच की ओर से किये जा रहे**

# क्या 'इंडिया में पड़ी फूट?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में बुधवार को संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई। बैठक से बाहर आने के बाद अलका लांबा ने कहा कि करीब तीन घंटे तक यह बैठक चली। जिसमें राहुल गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल और दीपक बाबरिया मौजूद रहे। अलका ने कहा कि पार्टी ने हमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी करने को कहा है। यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। अलका ने आगे कहा कि पार्टी के पास सात महीने बचे हैं और सभी कार्यकर्ताओं को सातों सीटों के लिए तैयारी करने को कहा गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि सत्ता पक्ष से लड़ने के लिए बना विपक्ष का गठबंधन इंडिया दिल्ली में कमजोर पड़ सकता है।

**कांग्रेस ने दिल्ली की सातों सीटों पर चुनाव लड़ने के दिए संकेत, आप ने कहा चर्चा करेंगे**

## मथुराः सुप्रीम कोर्ट से अतिक्रमणकारियों को फौरी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास अतिक्रमण करने वालों को फौरी राहत दी। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के पास बने बने कथित अवैध निर्माण को ढहाने के रेलवे के अभियान पर बुधवार को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। अदालन ने अतिक्रमण हटाने के लिए रेलवे अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे ध्वस्तीकरण अभियान पर 10 दिनों के लिए रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस मामले में केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा, परिसर के संबंध में दस दिन के लिए यथास्थिति बनी रहने दी जाए।

**निर्माण** यह रणनीतिक सड़क 19,400 फीट ऊंचाई से उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए गुजरेगी

# चीन सीमा पर बीआरओ ने शुरू किया दुनिया की सबसे ऊंची सड़क का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चीन** के साथ बातचीत की मेज पर लटके लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने रणनीतिक 'लिकरू-मिग ला-फुकचे' सड़क पर निर्माण शुरू कर दिया है। यह सड़क 19,400 फीट ऊंचाई से होकर गुजरेगी और उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बन जाएगी। यह सड़क चीन सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से महज तीन किमी. दूर है। सड़क निर्माण की कमान महिला इंजीनियरों की पांच सदस्यीय टीम कर्नल पोनुंग डोमिंग के



नेतृत्व में संभाल रही हैं। बीआरओ से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि नई सड़क अपने उच्चतम बिंदु पर 19,400 फीट की ऊंचाई पर जाएगी। तैयार होने पर यह सड़क उमलिंग ला दर्रे को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क होगी। दुनिया की मौजूदा सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क का निर्माण भी बीआरओ ने ही किया है। दो साल पहले बीआरओ ने 19,024 फीट की ऊंचाई पर लद्दाख के उमलिंग ला में दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क का निर्माण और ब्लैकटॉपिंग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जिसे वह खुद तोड़ने को तैयार है। खास बात यह है कि लिकारू-मिग ला-फुकचे सड़क का निर्माण बीआरओ की एक महिला इकाई ने शुरू किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला इंजीनियरों की पांच सदस्यीय टीम की कमान कर्नल पोनुंग डोमिंग संभाल रही हैं, जो सड़क निर्माण की निगरानी कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि लिकारू-मिग ला-फुकचे सड़क का निर्माण ऐसे समय में शुरू हुआ, जब लड़ाकू अभियानों का समर्थन करने के लिए लद्दाख में न्योमा उन्नत लैंडिंग ग्राउंड को अपग्रेड किया जा रहा है। न्योमा में हवाई पट्टी को सितंबर, 2009 में पुनः सक्रिय किया गया था। यह 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद दशकों तक उपयोग से बाहर थी।

**मोटर योग्य सड़क**

**उमलिंग ला दर्रा को पार करते हुए दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क बन जाएगी**

करनाल, 17 अगस्त 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# विदेशी धरती भारत माता के नारों से गूंज उठी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**देश का** 77वाँ स्वतंत्रता दिवस यूरोपियन देश तुर्की की धरती पर धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर मनाया गया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद गिरीश सांघी द्वारा ध्वज फहराने के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान गाया गया तो विदेशी धरती भारत माता के नारों से गूंज उठी। राष्ट्रीय अध्यक्ष सांघी ने अपने संबोधन मे देश को आजाद करवाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं आजादी के बाद देश कि सीमाओ कि रक्षा करते हुए शहीद सैनिकों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा देश की एकता व अखंडता के लिए इनका अनुकरणीय योगदान युवा पीढ़ी के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि 1700 वर्षों तक देश को सोने की चिड़िया बनाने में वैश्य समुदाय का अविस्मरणीय योगदान रहा है और

**तिरंगे की शान**

**तुर्की की धरती पर धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर मनाया गया**

आज हमे देश को पहली सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन युग में जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, शुद्र नहीं था वह वैश्य वर्ग में आता था और आज जो देश की सेवा करना चाहता है वही वैश्य है। उन्होंने आजादी के आंदोलन में और आजादी के बाद देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में वैश्य समाज के पुरोधाओं को भी याद किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि विदेशी धरती पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना उपस्थित





भारतीयो के जीवन का स्वर्णिम क्षण है और आज हमे देश के विकास की नई कहानी लिखने का संकल्प लेना होगा। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि जिस तरह आजादी के दीवानों ने निस्वार्थ अपने परिवार एवं कारोबार को भूलकर बलिदान दिया ठीक ऐसी ही भावना हर नागरिक के मन में पैदा हो जाए तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीत एवं कविताएँ प्रस्तुत की तो सारा सदन शहीदों की याद में खड़ा होकर तालिया बजाने लगा। कार्यक्रम में महासचिव बद्री विशाल बंसल, झारखंड के अध्यक्ष ज्ञान कुमार, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुधीर हालुवासिया, तेलंगाना के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण , चंडीगढ़ के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव दुर्गादत्त गोयल, युवा प्रदेश अध्यक्ष मुनीश गोयल, प्रदेश सचिव ललित महाजन, सिरसा ज़िलाअध्यक्ष अशोक बंसल, दिव्यांक जैन, प्रदेश महिला सचिव मंजु गोयल, किरण बंसल , शारदा गुप्ता, राजश्री गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर गरीब परिवार के बच्चों को जरूरतमंद चीजें भेंट की



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
श्री गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति (रजि.) गांव वैबलपुर अंबाला की तरफ से 77 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बच्चों को स्कूल में जिन-जिन चीजों की सुविधा होती है उन्हें किताबें वह कॉपियां भेंट की गई ग्रामवासीयो ने लाइफ फाउंडेशन के अध्यक्ष संत बाबा ठाकुर सिंह और डॉक्टर महान सिंह के सहयोग से विद्यार्थियों को नि:शुल्क पुस्तकें सेवा में दी गई ।संस्था की सेवादार गांव के घरों में जाकर सर्वे कर गरीब परिवारों के बच्चों को सुविधाजनक चीजे भेंट की ।केंद्र की संचालिका बीबी भूपिन्दर कौर ने बच्चों को समाजिक शिक्षा एवं गुरु वाणी का ज्ञान देते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी और साथ ही सामाजिक सेवा में सब से आगे जगतार सिंह वैबलपुर जोकि नर सेवा नारायण सेवा करने के लिए तत्पर रहते हैं संस्था की टीमों एवं बच्चों ने संस्था की संचालिका बीबी भूपिन्दर कौर और उनके पति जगतार सिंह एवं सेक्रेटरी गुरुचरण सिंह ,मर्दों साहिब ,मनी सिंह ,बड़ौला ,पूर्ण सिंह ,सुरजीत सिंह ,पूर्ण स्वरूप सिंह और नगर क्षेत्र के आसपास के गरीब परिवार एवं बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई के साथ-साथ उन्हें उपहार स्वरुप पुस्तके भेंट की गई ।

# अंबाला पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला** (मनीष कुमार) अंबाला पब्लिक स्कूल में स्कूल के डायरेक्टर सुखविंदर कौर विर्क, चेयरमैन सरदार सुखविंदर सिंह विर्क , प्रधानाचार्या सोनिका अरोड़ा और समस्त स्टाफ ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि ट्रांसजेंडर लतिका रंधावा के द्वारा करवाया गया।

सारा वातावरण भारत मां की जय, वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर व प्रधानाचार्या ने अपने तिरंगे झण्डे का सम्मान करने और तिरंगे की आन बान शान को

**प्रेरणा**

**प्रधानाचार्या ने तिरंगे झण्डे का सम्मान करने और तिरंगे की आन बान शान को कायम रखने के लिए प्रेरित किया**

कायम रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही देश के लिए कुर्बान हुए देशभक्तों की कुर्बानियों को भी याद किया। लतिका रंधावा ने स्कूल के डायरेक्टर सुखविंदर कौर विर्क व प्रधानाचार्या सोनिका अरोड़ा का धन्यवाद किया ।उन्होंने कहा कि मैं इस विशेष सम्मान के लिए आप सबकी आभारी हूं।

# संदीप गर्ग के फ्लैक्स उतारे जाने पर शहरवासियों में नपा के प्रति रोष



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** शहर में चारों ओर फ्लेक्स बोर्ड लगे हुए हैं वह तो नगरपालिका प्रशासन को दिखाई नहीं देते। परंतु उसके बावजूद यदि समाजसेवी संदीप गर्ग शहर में कहीं पर कोई फ्लैक्स लगवाते हैं या उनके समर्थक लगवाते हैं तो उसे शहर से उतार दिया जाता है। क्या यह भाजपा नेताओं के इशारे पर नगरपालिका प्रशासन कर रहा है या कोई अन्य कारण से। उन्होंने कहा कि जब उच्च न्यायालय का आदेश है कि शहर के मुख्य मार्ग पर कोई भी फ्लेक्स बोर्ड नहीं लग सकता तो नगरपालिका प्रशासन मात्र केवल समाजसेवी संदीप गर्ग के फ्लेक्स बोर्ड ही क्यों उतार रहा है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा उतारे गए बोर्ड को लेकर शहरवासियों व पार्षदों में नगरपालिका प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है। स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग का कहना है कि नगरपालिका प्रशासन द्वारा जून के महीने में भी डिवाईडर पर लगे उनके उनके फ्लैक्स बोर्ड उतार लिये गए थे। तब भी किसी और के बोर्ड नहीं उतारे गए थे।

# शहीदों की शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिएः ज्ञानचंद सैनी

**शहीदों को याद**

**बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति के खुश होकर गांव वासियों ने बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय उच्च विद्यालय त्यौडा में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले ग्राम सरपंच ,पंचायत मेंबर ,एस एम सी मेंबर, मुख्य अध्यापक व अन्य अध्यापकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तिरंगे को सलामी देकर कार्यक्रम शुरू किया गया। बच्चों ने अपने देशभक्ति गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस स्वतंत्रता दिवस समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए,गांव त्योंडी के सरपंच रणजीत सिंह व गांव त्योडा के सरपंच राहुल कुमार, एसएमसी प्रधान केहर सिंह, समाजसेवी मोहन लाल, पंच व गांववासियों भी इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हुए। मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने शहीदों को नमन करते हुए बताया



कि शहीदों की शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिए। स्टेज का कार्यभार कुलबीर सिंह के द्वारा किया गया। बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति के खुश होकर गांव वासियों ने बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी । मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने सभी को जागरूक व सजग करते हुए हर घर तिरंगा व पांच प्राण प्रतिज्ञा को गंभीरता से अपनाने की अपील की ।पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए सभी को कम से कम एक पौधा लगाने व उसकी देखभाल का आग्रह किया। 15 अगस्त के मौके पर वन विभाग प्रतिवर्ष बच्चों को पौधे वितरित करता है। इस बार भी कक्षा नौवीं के 55 छात्रों को वन विभाग के द्वारा पौधे दिए गए हैं।
इस मौके पर आशिमा, गुरप्रीन, राजकुमारी, कुलबीर, हरदयाल, राम दिया ,अतुल शास्त्री, पंकज आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरेंद्र मोहन ने दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
स्वामी विवेकानंद पार्क सेक्टर 9 अंबाला में सेक्टर वासियों ने मिलकर पार्क में पहली बार 15 अगस्त का कार्यक्रम मनाया गया जिसकी मुख्यातिथि राजबाला दहिया नारी शक्ति ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया। यह एक मिशाल के रूप में सदैव याद रहेगीं, 15 अगस्त को नारी शक्ति दिवस के रूप में सेक्टर वासियों ने मनाने की घोषणा की। मंच संचालन सुरेंद्र वत्स पूर्व प्रधानाचार्य जी ने किया धर्म पाल दाहिया मेंबर आर डब्ल्यू ए , राकेश शर्मा ,आर डब्ल्यू ए से प्रधान और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक भी उपस्थित रहें। राज कुमा छाबड़ा, अनिल



आर्य, ललित स्वामी एवं सभी गणमान्य व्यक्ति सैक्टर से उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस सभी के सहयोग से मनाया गया। इस अवसर पर सीनियर सिटीजंन को पटका देकर के सम्मानित किया गया जिसमें अमर कौर जो की वयोवृद्ध है उन को शाल से सम्मनित किया , कृष्ण गोपाल शर्मा, कृष्ण गोपाल राणा , रविंद्र शर्मा, धर्म पाल गोयल , मदन मोहन शर्मा भारती, सुनीता मेहता को सम्मनित किया

**सम्मानित**

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना और देश भक्ति के गीतों से मन को मोह लिया। बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया**

गया। मतीराकेश वत्स , मिनी शर्मा, कमलेश , सीमा स्वामी, शकुंतला गर्ग , सुनीता छाबड़ा, शशि नांदरा विशेष रूप से उपस्थित रहें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने सरस्वती वंदना और देश भक्ति के गीतों से मन को मोह लिया। बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# एसडी पीजी कॉलेज में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**पानीपतः एसडी पीजी** कॉलेज में 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षौल्लास और राष्ट्रीय एकता के भाव के साथ मनाया गया। एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत के सचिव सेक्रेटरी दिनेश गोयल ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। उनके साथ कॉलेज प्रधान पवन गोयल, उपप्रधान मनोज सिंगला, महासचिव तुलसी सिंगला, कोषाध्यक्ष विकुल बिंदल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कार्यक्रम में शिरकत की और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सेनानियों और शहीदों को याद किया।

# शहीदों की बदौलत ले रहे हैं खुली हवा में सांसः बलदेव सिंह



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक** )राजकीय उच्च विद्यालय कैंथला खुर्द में स्वतंत्रता दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने स्वतंत्र दिवस पर शहीदों को याद करते हुए रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर शहीदों को नमन किया। राजकीय उच्च विद्यालय कैंथला खुर्द में ग्राम सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने विद्यालय में मनाए जा रहे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने ध्वजारोहण कर शहीदों को सलामी दी। उसके उपरांत उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि आज हम शहीदों की बदौलत खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे मां भारती के सपूतों ने मां भारती को आजाद कराने के लिए फांसी के फंदे को हंसते-हंसते चूम लिया जिनकी शहादत पर आज हम सबको गर्व है। देश को आजाद करने वाले आजादी के परवाने आज हमारे लिए अनुकरणीय एवं

**नमन किया**

**छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर स्वतंत्रता दिवस को बना दिया रंगीन**

समरणीय हैं।छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर उनके साथ अजय कुमार,दर्शन सिंह,बलबीर सिंह,गुरविंदर सिंह,हरनेक सिंह,परमजीत कौर,गीता रानी,किरण रानी,गुरदेव सिंह,कुलदीप सिंह,जोगिन्द्र सिंह,जसविन्द्र सिंह,मेहर सिंह,राजकुमार कुमार मुख्याध्यापक,सेवा सिंह,हंस राज, बलजीत सिंह,बलदेव सिंह,हरबंस सिंह, विद्यालय के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# 'जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती हैं वह ज्यादा लंबे समय तक जीवित नहीं रह सकती'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय उच्च विद्यालय लोहार माजरा में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें छात्रों और अध्यापकों के साथ-साथ गांव के गणमान्य व्यक्तियों, एसएमसी कमेटी के सदस्यों एवं सरपंच सहित ग्राम पंचायत के सम्मानित सदस्यों ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर कार्यक्रम में शिरकत की। विद्यालय के मुख्याध्यापक सुखदेव सिंह बांकुरा ने सभी मेहमानों का पुष्प कुछ देकर हार्दिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जो कौम अपने शहीदों को भूल जाती हैं वह ज्यादा लंबे समय तक



जीवित नहीं रह सकती। इसलिए सदैव हमने अपने शहीदों को याद रखना चाहिए क्योंकि उनकी वजह से ही आज हम आजाद देश में खुली हवा में सांस ले रहे हैं। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी जिसको सभी ग्रामवासियों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले छात्रों को पुरष्कृत किया गया। पढ़ाई में अव्वल रहे छात्रों को भी मुख्य

**पावन पर्व**

**शहीदों को याद रखना चाहिए क्योंकि उनकी वजह से ही आज हम आजाद देश में खुली हवा में सांस ले रहे हैं**

अतिथि द्वारा गले में मेडल पहनाकर सम्मानित किया और अपेक्षा कि है की सभी छात्र भविष्य में पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करके विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अंत में मुख्याध्यापक सुखदेव सिंह बांकुरा ने विद्यालय में आए सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया ।

# पत्नी व साले से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र में एक युवक द्वारा पत्नी व साले द्वारा परेशान किए जाने के चलते घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का समाचार है। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं मृतक की पत्नी व साले के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में दुर्गा कालोनी, नायक बस्ती जाखल निवासी सोमनाथ ने कहा है कि उसके छोटे भाई 28 वर्षीय टिन्कु की शादी अप्रैल 2023 में नीलम निवासी तितरम के साथ हुई थी। शादी के बाद वह और उसका भाई अलग-अलग रहने लगे। शादी के कुछ दिन बाद से ही टिन्कू की अपनी पत्नी के साथ अनबन रहने लग गई।

# विद्यालय त्यौडा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस

**राष्ट्र प्रेम**

**बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति के खुश होकर गांव वासियों ने बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय उच्च विद्यालय त्यौडा में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सबसे पहले ग्राम सरपंच,पंचायत मेंबर, एस एम सी मेंबर, मुख्य अध्यापक व अन्य अध्यापकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तिरंगे को सलामी देकर कार्यक्रम शुरू किया गया। बच्चों ने अपने



देशभक्ति गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस स्वतंत्रता दिवस समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए,गांव त्योंडी के सरपंच रणजीत सिंह व गांव त्योडा के सरपंच राहुल कुमार , एसएमसी प्रधान केहर सिंह, समाजसेवी मोहन लाल, पंच व गांववासियों भी इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हुए। मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने शहीदों को नमन करते हुए बताया कि शहीदों की शहादत को कभी नहीं भूलना चाहिए। स्टेज का कार्यभार श्री कुलबीर सिंह जी के द्वारा किया गया। बच्चों के द्वारा दी गई प्रस्तुति के खुश होकर गांव वासियों ने बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी । मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने सभी को जागरूक व सजग करते हुए हर घर तिरंगा व पांच प्राण प्रतिज्ञा को गंभीरता से अपनाने की अपील की ।पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए सभी को कम से कम एक पौधा लगाने व उसकी देखभाल का आग्रह किया। 15 अगस्त के मौके पर वन विभाग प्रतिवर्ष बच्चों को पौधे वितरित करता है।
इस बार भी कक्षा नौवीं के 55 छात्रों को वन विभाग के द्वारा पौधे दिए गए हैं। वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# हरियाणा के युवाओं को अब यूरोप में मिलेंगे रोजगार के अवसर

● मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ओयो कंपनी, विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा कौशल रोजगार निगम तथा विदेश सहयोग विभाग के मध्य हुआ एमओयू

**स्किल पर जोर**

**हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री से संबंधित विभिन्न जॉब रोल में युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करना है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों को निरंतर सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उनके आवास संत कबीर कुटीर पर प्रमुख ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी कंपनी ओयो ने विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा कौशल रोजगार निगम तथा विदेश सहयोग विभाग, हरियाणा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू का उद्देश्य डेनमार्क जैसे यूरोपीय देशों में हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री से संबंधित विभिन्न जॉब रोल में युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि शैक्षिक संस्थानों, सरकारी एजेंसियों और ओयो जैसी निजी क्षेत्र की कंपनियों के बीच साझेदारी के माध्यम से राज्य सरकार युवाओं की रोजगार क्षमता और कौशल सेट को बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इस एमओयू से न केवल राज्य के आर्थिक विकास में योगदान होगा, बल्कि कुशल मैनपावर के आदान-प्रदान से अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग हमारी बहुत बड़ी संपत्ति है और विदेशों में रोजगार के अवसर मुहैया होने से युवाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओयो कंपनी की मांग के अनुसार हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर पंजीकृत युवाओं का चयन किया जाएगा और उन्हें विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी की ओर से जॉब रोल के अनुरूप स्किलिंग करवाई जाएगी और उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण पूरा हो जाने के बाद युवाओं को विदेश भेजने की पूरी प्रक्रिया विदेश सहयोग विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर मुहैया करवाने हेतु हरियाणा सरकार ने अलग से ओवरसीज प्लेसमेंट सेल भी बनाया हुआ है। इस पहल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई घोषणा अनुसार कौशल विकास के लिए प्रमुख सरकारी पहलों जैसे-कौशल भारत और विश्वकर्मा योजना के सिद्धांतों और उद्देश्यों को शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के कौशल को बढ़ावा देना, उनके ज्ञान एवं अनुभव को व्यापक बनाना और आवश्यक उपकरणों से लैस करना है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी वैश्विक वातावरण में स्वयं को श्रेष्ठ साबित कर सकें।
विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि ओयो के साथ यह साझेदारी हमारी यूनिवर्सिटी को एक नई दिशा की ओर अग्रसर करेगी।

## 'विद्यार्थी कड़ा परिश्रम करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर निरंतर करें प्रयास'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विद्यार्थियों का शिक्षा के पथ पर आगे बढ़कर समाज की सेवा का आह्वान करते हुए कहा कि वे जीवन में समाज हित में कुछ विशेष करने का संकल्प लें। इसके साथ ही विद्यार्थी कड़ा परिश्रम करते हुए जीवन में आगे बढ़े और अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। वे पंचकूला के लोक निर्माण विश्राम गृह में मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश से आए करीब 160 मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया। ये विद्यार्थी प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं कक्षा के छात्र थे जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में अच्छा मनुष्य बनने के लिए कड़ा परिश्रम करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जीवन में व्यावहारिक ज्ञान की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करते हुए समाज व लोक हित में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की प्रतिभा को निखारने में माता-पिता का सबसे पहला स्थान है। उसके बाद शिक्षकगण इस दिशा में अपनी सर्वोत्तम भूमिका निभाते हैं। इसके बाद मनुष्य के विचार है जो व्यक्ति को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा मनुष्य बनने के लिए व्यावहारिक परिश्रम हमें मेधावी बनाता है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में अभी तक जो भी विद्यार्थियों ने अर्जित किया है वे उसे सीढ़ी बनाते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़े। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जीवन में इसी प्रकार कठिन परिश्रम करें और निरंतर प्रगति की ओर बढ़ते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम करना अत्यंत आवश्यक है और जो व्यक्ति निरंतर परिश्रम करता है उसे निश्चित तौर पर ही सफलता मिलती है।

# पुलिस में पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्राथमिकताओं में से एक होगा: डीजीपी

### आईपीएस शत्रुजीत कपूर ने संभाला डीजीपी हरियाणा का कार्यभार

**जिम्मेवारी**

**पुलिसिंग को ओर अधिक उत्तरदायी बनाकर, पारदर्शिता लाकर सुधार करना होगा**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पुलिसिंग को ओर अधिक उत्तरदायी बनाकर और पारदर्शिता लाकर सुधार करना और शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक तीव्र करना होगा। यह सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा कि समाज के कमजोर वर्ग के हितों की पूरी तरह से रक्षा की जाए। यह बात उन्होंने बुधवार को हरियाणा के पुलिस महानिदेशक का पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। डीजीपी कपूर ने कहा कि यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जाएगा कि समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि कुछ श्रेणियां हैं, जो आपराधिक तत्वों के निशाने पर हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है, या तो वे अपराध की दुनिया छोड़ दें या फिर प्रदेश छोड़ दें।
डीजीपी कपूर ने कहा कि हरियाणा में 55,000 से अधिक पुलिस कर्मियों का एक मजबूत पुलिस बल है। कानून और व्यवस्था और अन्य मुख्य पुलिस क्षेत्रों में क्षमता निर्माण के माध्यम से उनके कौशल को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किये जायेंगे और पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पुलिसकर्मी अधिक संवेदनशील तरीके से लोगों की सेवा कर सकेंगे और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि डायल 112 कार्यक्रम एक सफल कार्यक्रम साबित हुआ है, जिससे पुलिस रिस्पांस टाइम में काफी कमी आयी है।
**नशे के सौदागरों को युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने देंगे: डीजीपी ने कहा कि समाज** में गैंगस्टर समेत आपराधिक तत्वों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाएंगे, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने नशे के सौदागरों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। कपूर ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों को पकड़ने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को और तेज किया जाएगा।

## विज से नवनियुक्त डीजीपी शत्रुजीत सिंह कपूर ने की शिष्टाचार भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज से नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने कार्यभार संभालने के उपरांत शिष्टाचार भेंट की। अंबाला में हुई इस शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था से संबंधित विभिन्न गतिविधियों व मुद्दों पर बातचीत की तथा अपने अनुभवों को साझा भी किया। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने अपना कार्यभार पंचकूला पुलिस मुख्यालय में संभाल लिया है।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय दिल्ली में भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उप-राष्ट्रपति निवास पर शिष्टाचार मुलाकात करते हुए। इस अवसर पर उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ एवं राज्यपाल हरियाणा की सुपुत्री बंडारु विजयलक्ष्मी भी उपस्थित रही।

## सिविल सचिवालय में कर्मचारियों के प्रवेश हेतु जारी हुए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने विभागों के उन कर्मचारियों, जो अवकाश के दौरान विधान सभा सत्र/अधिवेशन से सम्बंधित दस्तावेज/प्रश्नों के उत्तर इत्यादि हरियाणा सिविल सचिवालय (राजनीतिक शाखा) में लेकर आएंगे, उनके प्रवेश पत्र विभाग अपने स्तर पर बनवाएं।
उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा का आगामी सत्र 25 अगस्त, 2023 को प्रातः 11.00 बजे बुलाया गया है।

# 'एक यूनिट रक्तदान 4 लोगों की जिंदगी बचा सकता है'

**रक्तदान महादान**

**रक्तदान के माध्यम से किया गया एकत्रित रक्त जिंदगी के लिए वरदान साबित होता है: डिप्टी सीएम**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य का कार्य है और एक यूनिट रक्त 4 लोगों की जिंदगी बचा सकता है। डिप्टी सीएम आज महेन्द्रगढ़ जिला के हरियाणा युवा साथी ग्रुप की ओर से बाबा जेठू मंदिर धर्मशाला नसीबपुर में आयोजित 52वें विशाल रक्तदान कैंप का शुभारंभ करने के बाद युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सामाजिक संस्था द्वारा निरंतर इस प्रकार के कैंप लगाना अपने आप में यह साबित करता है कि वह समाज में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रही है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को 1 साल में कम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान करने वाले रक्तदाता के शरीर में किए गए रक्तदान की पूर्ति 1 सप्ताह के अंदर हो जाती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि आकस्मिक दुर्घटना व जरूरतमंद बीमार व्यक्ति के लिए रक्तदान के माध्यम से किया गया एकत्रित रक्त जिंदगी के लिए वरदान साबित होता है। रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है इसलिए युवाओं को ऐसे आयोजनों में हमेशा आगे रहकर अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनना चाहिए।

## विधानसभा सत्र में सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के विपक्षी दल कांग्रेस ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गठबंधन सरकार को घेरने की रणनीति बना ली है।
बुधवार को चंडीगढ़ में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 25 अगस्त से शुरू होने जा रहे विधानसभा सत्र को लेकर मंथन किया गया। कांग्रेस ने विधानसभा में नूंह हिंसा, राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान तथा किसानों को मुआवजा मिलने में हो रही देरी के मुद्दे पर गठबंधन सरकार को घेरने की रणनीति पर काम कर रही है।

# 'आत्मनिर्भर हरियाणा और नए भारत के निर्माण का संकल्प लें हरियाणावासी'

**समारोह**

**स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद परिवारों के कल्याण के लिए लागू की योजना: राज्यपाल**

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में ज्ञात-अज्ञात देशभक्तों व वीर शहीदों को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रदेशवासियों का आहवान किया कि वे महान सांस्कृतिक परम्पराओं, उच्च नैतिक एवं मानवीय मूल्यों पर चलते हुए खुशहाल एवं आत्म निर्भर हरियाणा तथा नया भारतवर्ष बनाने का संकल्प लें। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रोहतक के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में आयोजित 77वें स्वतंत्रता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में स्थित राज्य स्तरीय शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल व परेड कमांडर मयंक मिश्रा के साथ खुली जीप में सवार होकर परेड में शामिल टुकडियों का निरीक्षण किया तथा मंच के सामने से गुजरती टुकडियों की सलामी ली। बंडारू दत्तात्रेय ने अपने संबोधन में भारत छोड़ो आंदोलन में रोहतक के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि इस आंदोलन में लगभग 400 लोगों ने गिरफ्तारियां दी थी। उन्होंने हजारों देशभक्तों व वीर शहीदों को नमन किया, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हर नागरिक अपने घरों पर तिरंगा फहराकर गर्व महसूस कर रहा है। हम शहीदों के बलिदानों का कर्ज तो नहीं चुका सकते, परंतु उनके परिजनों की देखभाल करके उनके प्रति कृतज्ञता अवश्य जता सकते हैं ।
**स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद परिवारों के कल्याण के लिए लागू की योजना:** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों व उनकी विधवाओं को 25 हजार रुपये मासिक पेंशन तथा वीरगति प्राप्त होने वाले सैनिकों व अर्धसैनिकों के परिवारों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जा रही है। सरकार द्वारा सुशासन से सेवा का संकल्प के तहत मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की वार्षिक आय बढ़ाने के लिए कदम उठाये गए हैं ।
प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से शत-प्रतिशत लाभार्थियों के खातों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन भेजने वाला हरियाणा पहला राज्य बन गया है। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना को परिवार पहचान पत्र से जोड़ा गया है, जिससे 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर स्वयं ही वृद्धावस्था सम्मान भत्ता मिलना शुरू हो जाता है।

## 'सरकारी विदेश दौरों के प्रस्ताव तीन सप्ताह पहले एडवांस प्रस्तुत करने के निर्देश'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों को विदेश दौरों के अग्रिम प्रस्ताव कम से कम तीन सप्ताह पहले भारत सरकार के आर्थिक मामले विभाग को सौंपने के निर्देश दिए है। इससे विभाग को प्रस्तावों की व्यापक समीक्षा करने और उन्हें मंजूरी देने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध होगा। मुख्य सचिव के निर्देश अनुसार आर्थिक मामलों विभाग के संज्ञान में आया है कि मंत्रियों, राज्य विधानमंडलों के सदस्यों और राज्यों और केंद्र शासित

**राहत**

~~नूंह में हुए दंगों के बाद एक सप्ताह तक बंद रहे यहां जनजीवन अब धीरे धीरे ट्रैक पर लौटने लगी है~~

प्रदेशों के सरकारी अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों के विदेश यात्राओं से संबंधित प्रस्ताव, अक्सर राजनीतिक एवं एफसीआरए क्लीयरेंस, प्रशासनिक मंजूरी आदि आवश्यक विवरण विभाग में समय पर जमा नहीं होते है।

# सीएम ने सिरसा लोस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से की सीधी मंत्रणा

● पहली बार 90 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं को सीधा सुना है उच्च अधिकारियों ने

**उद्देश्य**

**मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ प्रशासन व विकास के कार्य तेजी से हों, यही इस बैठक का उद्देश्य है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ऐसे पहले मुख्यमंत्री बने हैं, जिन्होंने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर लोकसभा क्षेत्रवार जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों व विभिन्न प्रमुख विभागों के आला अधिकारियों को एक मंच विधानसभावार जन प्रतिनिधियों के साथ उच्च अधिकारियों से विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली है। इसी कड़ी में आज संत कबीर कुटीर पर सिरसा लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मुख्यमंत्री ने मंत्रणा की और कहा कि आप खुलकर अधिकारियों के समक्ष अपने क्षेत्र की सार्वजनिक समस्याओं व मांगों को रख सकते हैं और चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दे सकते हैं। साथ ही भविष्य की आवश्यकता क्या है, इसके बारे भी लिखित में जानकारी दे सकते हैं और सीएमओ कार्यालय से जुड़े अधिकारी इन प्रतिवेदनों का पूरा रिकॉर्ड रखते हैं और संबंधित विभागों को प्रेषित करते हैं। अब तक 16 हजार प्रतिवेदनों की प्रविष्टि की जा चुकी है जबकि 2600 काम पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक ऐसा मैकेनिज्म बनाया है जिसका मूल लक्ष्य लोगों को सरकार की कार्यप्रणाली को समझाना है और आपके माध्यम से जमीनी स्तर तक इस लक्ष्य को पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि एक सिस्टम तैयार कर दिया गया है और विभिन्न विभागों के लिए पांच कार्य पूरा करने की प्राथमिकता तय कर दी गई है।

मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छ प्रशासन व विकास के कार्य तेजी से हों, यही इस बैठक का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को इस बात का संशय रहता था कि चंडीगढ़ मुख्यालय पर फील्ड से भेजे गए प्रतिवेदन केवल फाइलों में दर्ज होते हैं, उन पर एक्शन कम होता है, परंतु मुख्यमंत्री ने इस धारणा को खत्म करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सीधा उच्च अधिकारियों से बातचीत करने के लिए उन्हें एक मंच पर लाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

# परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को तत्काल दूर किया जाएगा: खोला

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
परिवार पहचान पत्र के प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल और हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ परिवार पहचान पत्र को लेकर आ रही परेशानियों को तत्काल दूर कर पात्र नागरिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे बुधवार को बादली हलके में आयोजित परिवार पहचान पत्र शुद्धिकरण के विशेष शिविरों का जायजा लेते हुए पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनसेवा के लिए है और योजनाओं का लाभ पारदर्शी व्यवस्था के तहत घर द्वार तक पंहुचा रही है। इसी नेक सोच के साथ परिवार पहचान पत्र योजना लागू की गई है। हरियाणा परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण के समन्वयक डॉ. सतीश खोला ने कहा कि विभागीय कर्मचारियों की कार्यशैली को दुरुस्त करने के लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देश पर बुधवार को बादली हल्के में चार पीपीपी शुद्धिकरण शिविर आयोजित किए गए । ये शिविर झज्जर जिले के गांव पाटोदा , ढाकला, सिलानी व बादली में लगे। शिविरों में काफी संख्या में ग्रामीणों ने अपने परिवार पहचान पत्र में आयु सत्यापन सहित अन्य अपडेटशन कार्य करवाया।
सतीश खोला व एडीसी कार्यालय की टीम ने समस्याएं जानी और मौके पर ही समाधान करवा कर सेंकड़ों परिवारों को सरकार की योजनाओं का लाभार्थी बनवाया । प्राधिकरण समन्वयक ने ब्लॉक स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को सभी शिकायतकताओं का सही व पूरा विवरण दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी के नाम, फोन नंबर, संबंधित शिकायत सभी रिकॉर्ड के साथ दर्ज होनी चाहिए और जायज शिकायतों के समाधान की समय सीमा भी कर्मचारी लोगों को बताएं।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए यूनिट** असंध की टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी प्रभजीत सिंह पुत्र यादविंदर सिंह निवासी शेखुपुरा थाना असंध और गुलाब पुत्र मुख्त्यार सिंह वासी शेखुपुरा थाना असंध को विश्वसनीय सूचना पर रत्तक रोड बाईपास असंध से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता विनोद कुमार वासी डिडवाड़ा तहसील सफीदों जिला जींद की मोटरसाइकिल बस स्टैंड असंध से 13 अगस्त को चोरी हो गई थी । जिस संबंध में थाना असंध में नामालूम के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी है और नशा पूर्ति के लिए चोरी करते हैं। आरोपी प्रभजीत पर पहले भी एक मुकदमा एनडीपीएस एक्ट और आरोपी गुलाब पर एक मुकदमा चोरी का दर्ज है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 260 ग्राम स्मैक सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए वन** की टीम द्वारा आरोपी जिया उल हक उर्फ फुरकान पुत्र इस्तियाहक वासी गांव जोला थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को विश्वसनीय सूचना पर करण विहार करनाल से मोटरसाइकिल पर जाते हुए गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से पॉलिथीन में से 260 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह स्मैक को उत्तर प्रदेश से ही किसी अनजान व्यक्ति से कम कीमत में खरीदकर लाता है और यहां लाकर उसे ऊंची कीमत में बेचता है। आरोपी जल्दी अमीर बनने के लिए स्मैक का व्यापार करता है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिस व्यक्ति से आरोपी स्मैक खरीदकर लाया था, उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

## 77वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# 'स्वतंत्रता, स्वाभिमान का प्रतीक है प्यारा तिरंगा'

**न्यौछावर**

**आजादी के लिए बलिदान दिए व आजादी के बाद मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए**





**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के शिक्षा** मंत्री कंवर पाल ने स्थानीय अनाज मंडी में आयोजित 77वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट के दौरान परेड की सलामी ली। शिक्षा मंत्री ने इससे पहले शहीदी स्मारक पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने सबसे पहले भारत माता के वीर सपूतों जिन्होंने आजादी के लिए अपने बलिदान दिए व आजादी के बाद मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किए, को नमन किया और राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर सबको हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हर भारतवासी के लिए खुशी का दिन है। आज हर गली, हर मोहल्ले में तिरंगा है। हर घर-हर दफ्तर में तिरंगा है। हर वाहन, हर हाथ में तिरंगा है। पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है। पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंगा है। उन्होंने कहा कि तिरंगा स्वतंत्रता, स्वाभिमान और संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से हम सब 'आजादी का अमृत महोत्सवइ मना रहे थे। इस महोत्सव के समापन पर के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मेरी माटी-मेरा देशइ अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को 'भारत छोड़ो आंदोलनइ की वर्षगांठ पर शुरू किए गए, इस अभियान में देश के हर गांव व हर शहर की मिट्टी इकी की जा रही है। मंत्री ने कहा कि आजादी के आंदोलन की पहली चिंगारी 10 मई, 1857 को हरियाणा के अम्बाला से फूटी थी। उस चिंगारी ने आगे चलकर ऐसा जन-आन्दोलन खड़ा किया, जिसके बलबूते हम सन 1947 में अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने में कामयाब रहे। इस आंदोलन के बलिदानियों की देशभक्ति से हमारी युवा पीढियां प्रेरणा हासिल करें, इसके लिए सरकार अम्बाला छावनी में शहीदी स्मारक बना रही हैं। आजादी के बाद भी 1962, 1965 व 1971 के विदेशी आक्रमण से लेकर कारगिल युद्ध तक हरियाणा के वीर जवानों ने वीरता की मिसाल पेश करते हुए देश की आजादी में निरंतर योगदान दिया है। 'मेरी माटी-मेरा देशइ अभियान में ऐसे ही वीरों के नाम पूरे देश के गांवों के गौरव पट्ट पर अंकित किए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने गांवों के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है। महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर बढाने के लिए एक-तिहाई राशन डिपो महिलाओं को देने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों को उच्चतर शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार ने 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित किया है। प्रदेश में 76 नए कॉलेज खोले गए हैं। इनमें आधे से अधिक लड़कियों के हैं। उन्होंने कहा कि शहरों की सब संपत्तियों की भी प्रापर्टी आई.डी. बना कर सम्पत्तियों की खरीद-बेच में होने वाली धोखाधड़ी को समाप्त किया गया है। साथ ही सम्पत्ति के लिए 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' को भी ऑनलाइन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकार और ग्राम निवासियों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए 'ग्राम दर्शनइपोर्टल शुरू किया है। इस पर ग्रामीण अपनी ग्राम पंचायत से संबंधित मांग, सुझाव व शिकायत दे सकते हैं।

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में परेड में 8 टुकडियां शामिल रही । इन सभी टुकडियों ने परेड कमांडर डीएसपी सुरेश कुमार के कुशल नेतृत्व में मार्च पास्ट किया। परेड में हरियाणा पुलिस के जवानों की पुरूष व महिला प्लाटुन, होमगार्ड, एनसीसी आर्मी विंग की टुकडि?ां, स्काउटस व गाईडस की प्लाटुन तथा प्रजातंत्र के प्रहरी की प्लाटुन शामिल रही। कार्यक्रम में सामूहिक मास पीटी शो का स्कूली बच्चों द्वारा शानदार प्रर्दशन किया गया।

कार्यक्रम को रंगारंगा बनाने के लिए भिन्न-भिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इन टीमों में जिमनास्टिक वर्ल्ड एकेडमी, विभिन्न राजकीय स्कूलों की छात्राओं द्वारा हरियाणवी नृत्य, ओपीएस विद्या मंदिर, दून इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल, माउंट लिटरा जी स्कूल, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल तथा डीएवी पुलिस लाईन पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं द्वारा देश भक्ति एक्शन सॉंग की प्रस्तुति दी। दर्शकों ने जोरदार तालियों के साथ बच्चों को होसला बढ़ाया। जिला के सभी उपमंडलों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया गया।

इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, पिछडा वर्ग आयोग की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आजाद सिंह, हरियाणा व्यापार आयोग के सदस्य व जिला व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा, भाजपा नेता अमरनाथ सौदा, एडवोकेट संजय मदान, जेजेपी के जिला अध्याक्ष गुरदेव रम्बा तथा जिला प्रशासन की ओर से करनाल पुलिस रेंज के आईजी सतेंद्र कुमार गुप्ता, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शाशंक कुमार सावन, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, एएसपी पुष्पा, डीएसपी सुरेश कुमार, डीएसपी नायब सिंह, एसडीएम अनुभव मेहता, सीटीएम अमन कुमार, डीडीपीओ राजबीर खुडिया, पूर्व सैनिक रिटायर्ड कर्नल राजीव कुंडू तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले 20 प्रतिभाओं को जिला प्रशासन की ओर से प्रशांसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा परेड में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने प्लाटूनों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली टीमों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री ने इससे पहले स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों व युद्ध वीरांगनाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उपायुक्त अनीश यादव ने शिक्षा मंत्री को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया।

**ये प्रतिभाएं हुई सम्मानित :** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिक्षा मंत्री ने नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर मनोचिकित्सक डॉ. ममन गुप्ता, बाढ़ राहत के क्षेत्र में स्वस्थ कैम्पों के आयोजन के लिए डॉ. प्रदीप कुमार, करनाल शहर में जल भराव की समस्या से बचाव में सहरानीय कार्य करने के लिए नगर निगम के सहायक अभियंता सुनील भल्ला, सरकारी सेवाओं के अतिरिक्त सामाजिक कार्यों व बाढ से बचाव के राहत कार्यों में बढ़-चढकर योगदान देने वाले सिंचाई विभाग के एसडीओ मनीष राठी व जूनियर इंजिनियर दीपक, शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवीपुर के प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने इसी प्रकार से साईबर और सीसीटीएनएस के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए पुलिस निरीक्षक करनाल रेंज के एएसआई धर्मपाल, मुख्य सिपाही चरण सिंह, बहादूरी का परिचय देते हुए पानी में डूब रही एक महिला की जान बचाने पर ईएसआई सतीश कुमार, एसपीओ जयकुमार व रामपाल, फसल अवशेष प्रबंधन के क्षेत्र में सहरानीय कार्य करने वाले कृषि विभाग के सुपरवाईजर मोहित कुमार, स्वच्छता अभियान व शहर में सफाई के कार्य में अनुकरणीय योगदान देने पर नगर निगम के कार्यालय के सहायक सफाई निरीक्षक गुलाब सिंह, बाढ़ राहत के कार्य में सहरानीय कार्य करने पर ग्राम सचिव कुंजपुरा सुभाष, लार्ज स्केल मैपिंग के कार्य में बेहतरीन कार्य के लिए अशोक पटवारी, जन संवाद कार्यक्रम, अंतराष्ट्रीय योगा दिवस, सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत बेहतरीन सेवाएं देने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के डाटा इंट्री ओपरेटर संजय कुमार, ड्यूटी के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने के लिए उपायुक्त कार्यालय के स्वीपर नीरज, सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर योगदान देने वाले व बहादूरी का परिचय देने पर यमुना नदी में डूब रही महिला की जान बचाने पर जिला आदेशक होम गार्ड कार्यालय के वालटियंर राजेश कुमार, फिजिकल एजुकेशन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए प्रताप पब्लिक स्कूल जरनैली कॉलोनी फिजिकल एजुकेशन टीचर कर्ण सिंह तथा लान टेनिस खेल क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर करनाल जिला का प्रतिनिधित्व करने पर माडल टाउन निवासी टेनिस प्लेयर रणबीर सिंह को सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने परेड में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली प्लाटुनों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## कंबोपुरा के स्कूल में शिक्षा मंत्री ने बच्चों को वितरित किए पौधे



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** के शिक्षा, वन एवं वन्य जीव, विरासत एवं पर्यटन मंत्री कंवल पाल ने स्वतंत्रता दिवस पर जिला के गांव कंबोपुरा के राज्यकीय उच्च विद्यालय में नौवीं कक्षा के 54 विद्यार्थियों को छायादार, फलदाव व फूलदार पौधे वितरित किये। उन्होंने विद्याथियों से इन पौधों को स्कूल अथवा घरों के आसपास खाली जमीन पर रोपित करने और चार साल तक इनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष इस धरा के गहने हैं। प्राणवायु आक्सीजन पेड़-पौधों से ही प्राप्त होती है। वन मिट्टी की प्राकृतिक उवर्रता को भी बनाये रखते हैं और भूमिगत जल स्तर को बढ़ाते हैं।

वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिये सरकार ने हर स्कूल में नौवीं कक्षा के बच्चों को मुफ्त पौधे वितरित करने का निर्णय लिया है। करनाल जिला में इसकी शुरूआत स्वतंत्रता दिवस पर की गई है।

## मामूली कहा सुनी पर घर में घुसकर हवाई फायरिंग करने वाले चार काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस** चौकी जलमाना की टीम ने गांव पक्का खेड़ा से विश्वसनीय सूचना पर आरोपी जगरूप सिंह पुत्र भगवान सिंह वाशी डेरा पक्का खेड़ा थाना असंध करनाल, अरुण उर्फ बिट्टा पुत्र प्रकाश सिंह वासी कुतलाना थाना सापला हाल शिव कॉलोनी जिला रोहतक, मनजीत उर्फ मंजा पुत्र राजरूप वासी छोछी थाना बेरी हाल पटेल नगर गली नंबर 4, बहादुरगढ़ जिला झज्जर और अमन पुत्र बलबीर उर्फ बॉलर वाशी कौनधा थाना सदर बहादुरगढ़ जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया।

## अपने ही भाई की हत्या करने वाला आरोपी काबू



**अरेस्ट**

**ारोपी ने गुस्से में आकर अपने हाथ में लाठी ले ली और पीडित अश्वनी उर्फ सुरेश के सिर में बाई तरफ मारी**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना रामनगर** की टीम द्वारा अपने ही भाई की हत्या करने वाले आरोपी दीपू उर्फ दीपक पुत्र प्रेमचंद वासी रामनगर करनाल को मेहता फॉर्म काछवा रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि पीडित अश्वनी उर्फ सुरेश आरोपी का छोटा भाई था और दोनों ही नशा करते थे। घर का खर्चा आरोपी की मां और सबसे छोटा भाई विक्की चलाते थे। आरोपी की मां कभी कभार खर्चे के लिए 100-100 रुपए आरोपी दीपू और पीडित अश्वनी को दे देती थी। 10 अगस्त को आरोपी की माता ने अश्वनी और आरोपी दीपू को खर्च के लिए पैसे दिए और काम पर चली गई और दिन में आरोपी और पीडित अश्वनी उर्फ सुरेश के बीच पैसों को लेकर आपस में गाली गलोच हो गई और शाम तक वह बढ़ती चली गई। जिस पर आरोपी ने गुस्से में आकर अपने हाथ में लाठी ले ली और पीडित अश्वनी उर्फ सुरेश के सिर में बाई तरफ मारी, जिसके लगने से पीडित नीचे गिर गया और गिरने के बाद भी आरोपी ने पीड़ित के ऊपर कई बार वार किए। जब सामने के घर से छल्लो देवी चिल्लाते हुए आई तो आरोपी उसको आता देखकर अपनी लाठी लेकर वहां से भाग गया और जब पड़ोसियों द्वारा पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाया गया तो डॉक्टर ने अश्वनी उर्फ सुरेश को मृत घोषित कर दिया।

इस वारदात के संबंध में पड़ोसी छल्लो देवी पत्नी दिलीप सिंह वासी रामनगर करनाल के बयान पर थाना रामनगर में आरोपी दीपू उर्फ दीपक पुत्र प्रेमचंद वासी रामनगर करनाल के खिलाफ 10 अगस्त को भादंसं की धारा-302 के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी दीपक उर्फ दीपू को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## आपसी भाईचारे के बिना देश की सर्वांगीण तरक्की असंभव : प्रमिला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**तीर्थस्थल** श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज आरोहण तथा कृष्ण चौदस पर भक्ति प्रस्तुति का कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। संसदीय कार्य, शिक्षा एवं वन मंत्री कंवरपाल सिंह गुज्जर ने मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया और राष्ट्र की स्वतंत्रता की अमरकथा लिखने में योगदान देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि जैन समाज का भी स्वतंत्रता संग्राम के साथ देश की आर्थिक, व्यापारिक समृद्धि में अमूल्य योगदान रहा है, जो सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मेवाड़ भूषण महाराणा प्रताप के मां भारती की अस्मिता हेतु लड़े युद्ध के लिए जैन सद्गृहस्थ दानवीर भामाशाह का योगदान इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में लिखा है। जगडूशाह ने देश में अकाल पड? पर अपने सारे खाद्य गोदाम जरूरतमंदों के लिए खोल दिए थे। दीवान टोडरमल ने गुरु गोविंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों के संस्कार हेतु जमीन लेने के लिए सोने की अशर्फियों का ढेर लगा दिया था। उन्होंने कहा कि कर्णनगरी करनाल में वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज की सद्प्रेरणा से विद्यालय, मोबाइल डिस्पेंसरी, अस्पताल, साधना केंद्र, देव मंदिर, देवी मंदिर, गुरु मंदिर आदि स्थापित हैं जो सुसंस्कार निर्माण के साथ शिक्षा एचिकित्सा सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वर्तमान प्रेरक श्री पीयूष मुनि जी सेवा कार्यों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों में सर्व धर्म संगम के माध्यम से सद्भाव तथा आपसी सहयोग बढ़ाने का आधुनिक समय में सर्वाधिक प्रेरक कार्य कर रहे हैं। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि स्वतंत्रता के वातावरण में सांस लेने के लिए अमर स्वतंत्रता सेनानियों ने त्याग तथा बलिदान का आदर्श स्थापित किया।

## घरौंडा की नई अनाज मंडी में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**77वां स्वतंत्रता दिवस** घरौंडा की अनाज मंडी में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक हरविन्द्र कल्याण ने बतौर मुख्यतिथि ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण किया और सभी ज्ञात व अज्ञात शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हर भारतवासी के लिए खुशी का दिन है। आज हर गली, हर मोहल्ले में तिरंगा है। हर घर-हर दफ्तर में तिरंगा है। हर वाहन, हर हाथ में तिरंगा है। पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है।पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंगा है। इस दिन के लिए मां भारती के न जाने कितने ही सपूतों ने अपना सबकुछ बलिदान कर दिया। इसी दिन के लिए असंख्य देशभक्तों ने कष्ट झेले और यातनाएं सही। उन्होंने इस पावन अवसर पर, आजादी की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक टीमें, परेड की टुकडियां, अधिकारी व कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों तथा स्कूली बच्चों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अदिति, तहसीलदार रमेश अरोडा, बीडीओ अशोक छिकारा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा राजनैतिक दलों के नेता भी उपस्थित रहें।

**राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन बान और शान : धर्मपाल गोंदर**
77वां स्वतंत्रता दिवस नीलोखेडी की अनाज मंडी में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधायक धर्मपाल गोंदर ने बतौर मुख्यतिथि ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण किया और सभी ज्ञात व अज्ञात शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन वीर सैनिकों को सलाम किया जिन्होंने आजादी के बाद देश की एकता व अखंडता की खातिर अपने प्राण न्योछावर किए।

**श्रद्धांजलि**

**विधायक हरविन्द्र कल्याण ने बतौर मुख्यतिथि ध्वजारोहण किया तथा परेड का निरीक्षण किया**

विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह हमें देश के लिए जीने और देश के लिए मर-मिटने की प्रेरणा देता है। इसी तरंगे की खातिर अनेक देशभक्तों ने हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए, इसी तिरंगे की खातिर देश की सरहदों पर डटे जवान अपनी जान से खेल जाते हैं, परंतु इसकी शान को जरा भी आँच नहीं आने देते।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा की अनूठी मुहिम चलाई गई है। उन्होंने कहा कि हम शहीदों के बलिदानों का कर्ज तो नहीं चुका सकते, लेकिन उनके परिजनों की देखभाल करके कृतज्ञता जता सकते हैं।

## संपादकीय

# लालकिला से प्रधानमंत्री के मन की बात

**लालकिला** की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था। यूँ कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग परिवार जनों से शुरूआत कर इतना संकेत दे दिया कि वे न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा बोलेंगे, जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं जहाँ आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टैलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे, जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छाशक्ति से संभव हो पाया है। गठित नए मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यावरण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सिनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमी का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराए के घर में रहना पड़ता है।

इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी। भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी।

# दंड संहिता में बदलाव बड़ा कदम

**राजेश माहेश्वरी**

> “ सरकार द्वारा पेश किए गए 3 कानून संबंधी बिल में भगोड़ों को सजा दिलाने का भी प्रावधान किया गया है। नए कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति देश छोड़कर भाग जाता है, तो उसपर भी अब केस चल सकेगा। सत्र न्यायालय व्यक्ति की अनुपस्थिति में भी केस चला सकेगी और उस व्यक्ति को बचने के लिए वापस लौटना होगा। वर्तमान न्यायिक व्यवस्था में किसी अपराधिक मामले पर अंतिम फैसला होते-होते कुछ लोगों की जिंदगी का लंबा समय गुजर जाता है। ये धारणा भी काफी मजबूती के साथ उभरी है कि निर्दोष व्यक्ति व्यवस्था में खामियों के चलते जेल में सड़ता रहता है वहीं अपराधी प्रवृत्ति के लोग छुट्टा घूमते हैं। न्याय को सस्ता और सुलभ बनाने के तमाम दावे भी हवा-हवाई होकर रह गए हैं। एक जैसे मामले में किसी को तो तत्काल जमानत दे दी जाती है ”

**हमारे** देश में किसी अपराध के लिए क्या सजा होनी चाहिए, यह वर्तमान में भारतीय दंड संहिता के द्वारा निर्धारित किया जाता है। दंड संहिता की 500 से अधिक धाराओं में अलग-अलग अपराधों और उनके लिए दी जाने वाली सजा को परिभाषित किया गया है। करीब 160 साल पुराने इन कानूनों में समय-समय पर आवष्यक बदलाव भी किये गये, लेकिन इसके मूल स्वरूप को नहीं बदला गया। अब भारत सरकार वर्तमान दंड संहिता में बड़ा बदलाव करने जा रही है। बीते दिनों संसद के मानूसन सत्र के दौरान देश के गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानी एविडेंस एक्ट की जगह तीन नए कानूनों का विधेयक पेश किया है। जल्द ये तीनों बिल, संसदीय प्रक्रिया को पूरा कर कानून की शक्ल ले लेंगे। देश को आजाद हुए 75 साल से ज्यादा का समय हो चुका है, लेकिन 1860 में बने कानून 2023 तक अंग्रेजों के बने हुए कानून के आधार पर इस देश की आपराधिक न्याय प्रणाली चलती रही। इसकी जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे और हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के अंदर बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। नये मसौदे में भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं से जुड़े अपराधों को रोकने के लिए खास कदम उठाए गए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि गृह मंत्री ने जो मसौदा संसद मे पेष किया है, वे निश्चित रूप से समय की मांग हैं। देश में कानून को लागू करने के अलावा न्यायालयीन प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति बेहद निराशाजनक है। मसलन किसी को गिरफ्तार करने के बाद अपराधिक प्रकरण का निराकरण कितने समय के भीतर किया जाएगा इसकी कोई सीमा नहीं है। गृह मंत्री द्वारा प्रस्तुत विधेयक के मुताबिक ट्रायल कोर्ट को तीन साल के भीतर हर फैसला करना होगा। राजद्रोह अब देशद्रोह होगा। भारतीय दंड संहिता में 511 से कम होकर 356 धाराएं बचेंगी और सैकड़ों बदली जायेंगी। कुछ को समाप्त करने के साथ ही कुछ नई शामिल होंगी। छोटे अपराधों के लिए जेल भेजने के बजाय दंड स्वरूप सामुदायिक सेवा का प्रावधान रचनात्मक सोच है। इसी तरह मॉब



लिंचिंग, लव जिहाद जैसे मामलों में कड़ी सजा का प्रावधान भी अपेक्षित कदम है। देश में कहीं भी प्राथमिकी दर्ज करवाने के अलावा अन्य कुछ प्रस्ताव उक्त विधेयकों में हैं जिनके पारित होने के बाद अदालतों में लंबित प्रकरणों का बोझ कम तो होगा ही आरोपित व्यक्ति को भी अनिश्चितता से राहत मिलेगी।

बकौल गृहमंत्री ये विधेयक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले स्वाधीनता दिवस पर लाल किले से गुलामी की निशानियों को खत्म करने सम्बन्धी घोषणा के परिप्रेक्ष्य में पेश किए गए। चूंकि संसद का सत्र समाप्त होने के चार दिन बाद ही स्वाधीनता दिवस है इसलिए सरकार को जल्दबाजी में ये काम करना पड़ा। हालांकि यदि गृह मंत्री सत्र की शुरूआत में इसे पेश कर देते तब वह लोकसभा से पारित होने के बाद राज्यसभा द्वारा भी स्वीकृत कर दिया गया होता। अब इसके लिए शीतकालीन सत्र तक इंतजार करना होगा। बहरहाल देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। कानूनी विशेषज्ञों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। असल में वर्तमान कानून सौ साल से भी पहले लागू किए गए थे और समाज की वर्तमान स्थिति के अनुसार इनमें संशोधन की सख्त जरूरत थी। आजादी के बाद अंग्रेजों द्वारा लागू किए ज्यादातर दीवानी और फौजदारी कानूनों को यथावत स्वीकार कर लिया गया। यद्यपि समय-समय पर उनमें कुछ सुधार और संशोधन भी किए जाते रहे किंतु उनका मूल ढांचा ब्रिटिश राज की यादें दिलाता रहा। न्यायालयीन कार्यप्रणाली पर भी औपनिवेशिक काल की छाप साफ नजर आती है। पेशी दर पेशी की संस्कृति ने न्यायपालिका की जो नकारात्मक छवि बनाई उसके कारण लोकतंत्र की सार्थकता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं। राजद्रोह शब्द अपने आप में राजतंत्र का एहसास करवाने वाला है। मोदी सरकार द्वारा लाए जा रहे 3 बिल में सबसे बड़ा कदम मॉब लिंचिंग और नाबालिग से दुष्कर्म पर मौत की सजा है। सरकार ने मॉब लिंचिंग को हत्या की परिभाषा में लाया है। मॉब लिंचिंग तब कहा जाता है जब 5 से ज्यादा लोगों का एक समूह जाति, समुदाय, लिंग, भाषा के आधार पर हत्या करता है। बिल में ऐसे अपराधियों को 7 साल की कैद और अधिकतम मौत की सजा के साथ जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है। वहीं, किसी भी सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपियों को 20 साल की कैद या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। 18 साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में मौत की सजा का प्रावधान किया गया है। सरकार द्वारा पेश किए गए 3 कानून संबंधी बिल में भगोड़ों को सजा दिलाने का भी प्रावधान किया गया है। नए कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति देश छोड़कर भाग जाता है, तो उसपर भी अब केस चल सकेगा। सत्र न्यायालय व्यक्ति की अनुपस्थिति में भी केस चला सकेगी और उस व्यक्ति को बचने के लिए वापस लौटना होगा। वर्तमान न्यायिक व्यवस्था में किसी अपराधिक मामले पर अंतिम फैसला होते-होते कुछ लोगों की जिंदगी का लंबा समय गुजर जाता है। ये धारणा भी काफी मजबूती के साथ उभरी है कि निर्दोष व्यक्ति व्यवस्था में खामियों के चलते जेल में सड़ता रहता है वहीं अपराधी प्रवृत्ति के लोग छुट्टा घूमते हैं। न्याय को सस्ता और सुलभ बनाने के तमाम दावे भी हवा-हवाई होकर रह गए हैं। एक जैसे मामले में किसी को तो तत्काल जमानत दे दी जाती है वहीं दूसरा महज इसलिए उससे वंचित रह जाता है क्योंकि उसके पास महंगे वकील की फीस चुकाने की हैसियत नहीं है।

ऐसे में ये जरूरी हो गया है कि दंड प्रक्रिया के साथ ही अदालती व्यवस्था में भी आमूल परिवर्तन हो। अनुपयोगी पड़े कालातीत हो चुके कानूनों को अंतिम विदाई देकर उनके दुरुपयोग को रोका जा सकेगा। इसके अलावा अभियोजन पक्ष भी कानूनों की भीड़ में भटकने से बचेगा। न्यायालयों द्वारा समय सीमा में प्रकरण का निपटारा करने की व्यवस्था इन विधेयकों में सबसे अच्छी बात है। अन्यथा सजा का फैसला होने तक आरोपी बरसों-बरस जेल में रहने मजबूर रहता है। कुल मिलाकर जो विधेयक गत दिवस लोकसभा में पेश हुए इनके बारे में राजनीतिक दलों को संसद के अगले सत्र के पूर्व ही अपनी राय बना लेनी चाहिए जिससे इनको पारित करने में अनावश्यक विलंब न हो। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि दंड संहिता में बदलाव करना केंद्र सरकार का एक बड़ा कदम है। इस कानून के पास होने से वर्तमान कानून व्यवस्था में बड़ा बदलाव है। लेकिन जब भी यह कानून की शक्ल में आ जाएगा, उसके बाद इसे जमीन पर लागू करने की चुनौती अभी की तरह ही बनी रहेगी। ऐसा तब तब होगा जब तक बड़े पैमाने पर जूडिशल या पुलिस रिफॉर्म नहीं होगा। पहले से लाखों केस अदालतों में लंबित हैं। तय सीमा पर अपराध की जांच के लिए पर्याप्त पुलिस बल नहीं है। जब तक इन मसलों पर बड़ा बदलाव नहीं होगा तब तक इन्हें लागू करना आसान नहीं होगा। वैसे अभी इस क्षेत्र में और भी सुधारों की जरूरत है किंतु याद रखने वाली बात है कि किसी भी बड़े सफर की शुरूआत छोटे से कदम से ही होती है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि नये कानून भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करेंगे।

## कविता

### युद्ध नही शांती का संदेश दो।

युद्ध के बाद बड़ा पश्चाताप
ही परिणति होती है,
अक्सर होता है ऐसा
देश या इंसान
दुख और पश्चाताप में
डूब जाता है हमेशा के लिए।
युद्ध, हिंसा,
किसी समस्या का हल नहीं।
फिर क्यों लोग करते हैं
इतना ज्यादा भरोसा।
युद्ध में जीत,
जीत नहीं होती।
बलपूर्वक हिंसा से
किसी से जीतना
वीरता नहीं होती,
क्रूरता की परिणति
मुस्कान और शांति,
सहजता नहीं हो सकती,
मानवीय सभ्यता ,शिक्षा
और संस्कृति ,संस्कारों
का प्रतिफल
परायों का हिस्सा,
जीवन हरण है,
तो अहिंसक,
अशिक्षित मानव
प्रेम ,शांति और
सौहाद्र का संदेशवाहक
सौगुना भला होता है

**संजीव**

# राहुल के दौरे से राजस्थान कांग्रेस को मिली संजीवनी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी की राजस्थान यात्रा से कांग्रेस पार्टी को नई संजीवनी मिली है। आपसी गुटबाजी में फंसी राजस्थान कांग्रेस के सभी नेता राहुल गांधी की यात्रा के बाद एक साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में काम करने लगे हैं। लोकसभा की सदस्यता पुनः बहाल होने के बाद राहुल गांधी ने राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में स्थित आदिवासियों के तीर्थ स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त मानगढ़ धाम में एक बड़ी जनसभा कर राजनीति के कई समीकरण साधे हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के आदिवासी समाज की मानगढ़ धाम के प्रति अगाध श्रद्धा है। इन चारों प्रदेश के आदिवासी समाज के लोग मानगढ़ धाम को एक बड़े तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं और यहां आकर दर्शन करते हैं। आठ महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मानगढ़ धाम में एक जनसभा को संबोधित किया था। राहुल गांधी के दौरे को प्रधानमंत्री मोदी के दौरे की काट के रूप में देखा जा रहा है। इसी साल के अंत में राजस्थान व मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं। राजस्थानी विधानसभा की 25 और मध्यप्रदेश विधानसभा की 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। राहुल गांधी ने मानगढ़ धाम में जनसभा को संबोधित कर इन 72 विधानसभा सीटों पर निशाना साधा है। आदिवासी समाज कभी कांग्रेस के कोर वोट हुआ करते थे।

मगर धीरे-धीरे भाजपा ने उनमें सेंध लगा दी। अपने कोर वोटरों को फिर से कांग्रेस से जोड़ने के लिए ही राहुल गांधी ने आदिवासी क्षेत्र में जनसभा कर उनसे एक बार फिर भावनात्मक रिश्ता बनाने की कोशिश की है। जनसभा में अपने भाषण में भी राहुल गांधी ने अपनी दादी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की चर्चा कर आदिवासी समाज को इंदिरा गांधी से उनके संबंधों को याद दिलाने का प्रयास किया है। 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के 13.5 प्रतिशत मतदाता है। जिनके लिए 200 में से 25 विधानसभा सीटें आरक्षित है। राजस्थान में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें सिर्फ 11 जिलों तक ही सीमित है। जिन में उदयपुर जिले में पांच, बांसवाड़ा जिले में पांच, डूंगरपुर जिले में चार, जयपुर, करौली व प्रतापगढ़ जिलों में दो-दो तथा अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, सिरोही व बारां जिले में एक-एक विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। उदयपुर डिवीजन में सबसे अधिक 16 विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित है। जिनमें वर्तमान में भाजपा के पास आठ, कांग्रेस के पास पांच, भारतीय ट्राइबल पार्टी के पास दो व निर्दलीय के पास एक सीट है।

2018 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षित 25 सीटों में से कांग्रेस ने सबसे अधिक 12 विधानसभा सीटें जीती थी। वहीं भाजपा ने नौ, भारतीय ट्राइबल पार्टी ने दो व दो सीटों पर निर्दलीय जीते थे। लेकिन कांग्रेस का इस बार पूरा प्रयास है कि आदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित सभी 25 विधानसभा सीटों को जीता जाए। इसीलिए कांग्रेस ने अपने 12 आदिवासी सीटों पर जीते विधायकों में से पांच को मंत्री बनाया हैं। विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही कांग्रेस ने सबसे पहले बड़ी रैली भी आदिवासी बहुल क्षेत्र में ही करवाई है ताकि आदिवासी वोटों को फिर से कांग्रेस के साथ जोड़ा जा सके। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने आदिवासी वोटों को साधने के लिए आदिवासी बहुल उदयपुर जिले में सलूंबर को नया जिला तथा बांसवाड़ा को नया संभाग मुख्यालय बनाया है। बांसवाड़ा संभाग के बांसवाड़ा, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ जिलों में कुल 11 विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।

## विचार

# भ्रष्टाचार में डूबी अनियोजित सवरेज प्रणाली झेलने को मजबूर जनता

**निर्मल रानी**

**देश के** बड़े भाग में पिछले दिनों बाढ़ व जलभराव के दृश्य देखने को मिले। हरियाणा पंजाब व हिमाचल के तो बहुत से ग्रामीण व शहरी इलाके अभी तक भारी बारिश व जल भराव का सामना कर रहे हैं। जहाँ जहाँ जमीन का स्तर नीचा है वहां अभी भी जलभराव के दृश्य देखे सकते हैं। रुका हुआ पानी काला हो गया है तथा पास पड़ोस के लोग सड़ांध भरी दुर्गन्ध में जीने के लिए मजबूर हैं। शहरों में बारिश और जलभराव के सीधे प्रभाव से जहां नालियां व नाले उफान पर रहते हैं और अतिप्रवाहित ( ओवर फ़्लो ) होकर बहते हैं वहीँ सीवरेज प्रणाली भी जवाब दे जाती है। बारिश में देश के विभिन्न राज्यों में सीवर के मेनहोल के ओवर फ़्लो होकर बहने के नजारे देखे जा सकते हैं। जिससे लोगों का रास्ता चलना दुश्वार हो जाता है। पूरे प्रभावित क्षेत्र में प्रदूषण व दुर्गन्ध का माहौल रहता है। बेशक देश में बढ़ती आबादी के मद्देनजर सीवरेज प्रणाली मल मूत्र निपटाने की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुगम एवं निर्बाध व्यवस्था है। परन्तु यही व्यवस्था यदि गलत योजना का शिकार हो जाये तो नागरिकों के लिये सुविधा के बजाये बड़ी असुविधा का करक बन जाती है। और खुदा न ख़्वास्ता अनियोजित सीवरेज प्रणाली होने के साथ साथ इसके निर्माण में भारी भ्रष्टाचार भी हुआ हो फिर तो ऐसी योजना को जनता के लिये नासूर ही समझा जा सकता है। ऐसी योजनायें केवल बारिश ही नहीं बल्कि प्रत्येक ऋतु में बाधित व कष्टदायक रहती हैं। उदाहरण के तौर पर हरियाणा के अंबाला सहित अन्य कई शहरों में बिछाई गयी सीवरेज प्रणाली तो पूरी तरह से फेल हुई दिखाई देती है। यहां कभी कभी बिना बारिश के ही सीवर लाइन का प्रवाह बाधित हो जाता है। इसमें कई तकनीकी खामियां हैं। उदाहरण के तौर पर सीवरेज लाइन में ही सड़कों पर बहने वाली नालियों यहाँ तक कि नालों को भी कई जगह जोड़ दिया गया है। आम तौर पर लोगों ने अपने घरों की जल निकासी का पाईप भी सीवर में होल में जोड़ दिया है। परिणाम स्वरूप नालियों की प्लास्टिक कपड़ा बोतल व अन्य कचरा कबाड़ भी नाली के माध्यम से सीवर पाइप लाइन में चला जाता है। और सीवर लाइन के परवाह को बाधित करता है। कहीं भी सरकार की ओर से ऐसी व्यवस्था नहीं है कि नाली से सीवर में जाने वाले पानी के साथ बहने वाले कचरे कबाड़ को किसी जाली या बाधा से रोका जा सके। दूसरी समस्या यह है कि भूतलीय सीवर पाईपलाइन अपेक्षाकृत कम क्षमता वाली बिछाई गयी है। निरंतर बढ़ती आबादी के मद्देनजर इसे आने वाले समय व जरुरत के अनुरूप बनाना चाहिये था। परन्तु अफसोस तो यह कि जिस समय इसे बिछाया जा रहा था तभी से इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि जिस ढंग से इस योजना को कार्यान्वित किया जा रहा है उसे देखकर इस सीवर प्रणाली का सफल होना मुश्किल ही लगता है। जगह जगह मेनहोल पर लगे मेन होल कवर आपको टूटे फूटे मिल जायेंगे। कई टूटे ढक्कनों के लोहे के रिंग बाहर निकले होते हैं। कई मेनहोल के पास गड्ढे होते हैं। इनमें कई बार स्कूटर व साईकिल सवार गिर कर घायल हो चुके हैं। तमाम जगहों पर तो सीवर मेन होल कवर और सड़क के लेवल में इतना अंतर है कि दुर्घटना हो जाती है। कहीं मेन होल कवर जमीन की सतह से ऊपर निकला है तो कहीं लेवेल से इतना नीचे है कि वहां गड्ढा सा बना हुआ है। इसी तरह मुख्य मार्गों पर पड़ने वाले वे बड़े मेनहोल जिनमें कई दिशाओं की सीवर पाइप लाइन जुड़ती है वह तो कई जगह पर पूरा जंकशन बॉक्स ही बैठा मिलता है। नतीजतन वहां बड़ा गड्ढा बन जाता है। इसकी मुरम्मत का काम भी आसान नहीं। नियमानुसार इस जगह नये जंक्शन के निर्माण का नये सिरे से टेंडर होता है। जब तक वह सरकारी औपचारिकताएं पूरी नहीं होतीं तब तक राहगीर,ट्रैफिक सभी परेशानी में पड़े रहते हैं।इसके अतिरक्त सबसे बड़ी बात यह कि तब तक उस क्षतिग्रस्त स्थान से जुड़ने वाली सभी दिशाओं की सीवर लाइंस ओवर फ़्लो रहती हैं।



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com




### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आओ हंसमुख व्यक्तित्व सुजित करें

**किशन भावनानी गोंदिया**

**कुदरत** द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस, जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है, क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा, खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं।हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता,उदारता,परोपकार सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता इंडेक्स रिपोर्ट इत्यादि अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर प्रसन्नता के मूल्यों की करें तो प्रसन्नता को हाई वैश्विक टॉनिक माना जाता है। प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है अलग-अलग देशों के प्रसन्नता से रहने के क्रमांक बताए जाते है।

# खेल, खेला और खिलाड़ी

**डॉ. सुरेश**

**इतने सारे** स्वर्ण पदक! हाँ यह सब तुम्हारी मेहनत के हैं। बताओ इन्हें पाकर तुम्हें कैसा लग रहा है? इन्हीं पदकों की तलाश में जीवन खपा दिया और एक वो हैं जो बिना कुछ किए मलाई उड़ा रहे थे। पहली बार लगा कि यह खेल हम खेल रहे थे। मतलब...? मैं कुछ समझा नहीं। साफ-साफ कहो। तुमसे क्या छिपा है। तुम तो सब जानते ही हो। एक समय था जब यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए हुआ करता था। कोई आयोजन करके स्वर्ण पदक झटकने के चक्कर में था तो कोई खेल सामग्री में धांधली करके। कोई खिलाड़ियों के ठहरने के खर्चों में तो कोई उनके भोजन के ठेके ले-लेके पदकों की झड़ी लगाने के चक्कर में रहता था। वो क्या है न कि जब-जब भ्रष्टाचारी ऊँचे पद हथिया लेते हैं और खिलाड़ी सड़ते रहते हैं तब-तब पदक नहीं घोटाले के पटल खुलते रहते हैं। आज पहली बार लगा कि यह खेल भ्रष्टाचारियों के लिए नहीं खिलाड़ियों के लिए था। सो तो है। लेकिन तुम जिस घटना के बारे में बता रहे हो वह तो कॉमनवेल्थ का महाखेल था। भ्रष्टाचारी कहाँ नहीं होते। जैसे हवा है, वैसे वे हैं। तुम्हें तो अपने खेल धर्म का पालन करना चाहिए। इन सबसे तुम्हारा क्या लेना-देना? अरे! यह भी खूब कही। लेना-देना कैसे न होगा। हम लोग खेल जमीन पर खेलते हैं। आसमान पर नहीं। मछली तो जीती पानी में ही है न! पानी के बिना उसका कैसा अस्तित्व? खिलाड़ियों का काम खेलना होता है। इन सब धांधलियों के बारे में सोचना नहीं। ऐसा भी तो हो सकता है कि नाच न जाने आंगन टेढ़ा की बिसात पर अपने खराब खेल का ठीकरा धांधली के मत्थे फोड़कर खुद को पाक साबित करना चाहते हो। क्या तुम्हें ऐसा नहीं लगता? खिलाड़ियों के लिए खेल ही उसका धर्म होता है। वह तो हर बार देश का नाम ऊँचा करने के लिए अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करता है। लेकिन कुछ धांधलीबाज होते हैं जो बिना स्टेडियम बनाए, बिना खेल सामग्री दिए, बिना सुविधाओं के हमें हवा में तीर मारने की बात करते हैं। कागज पर सबका हिसाब होता है, जमीन पर आते-आते सब कुछ शून्य। फिर उसके बाद खेल की जो फजीहत होती है उसका ठीकरा हमारे मत्थे फोड़ दिया जाता है। मैं तो सब जानता हूँ। फिर भी यूँ ही जानना चाहता था कि खेल और खिलाड़ी के बारे में तुम्हारे विचार क्या हैं?

अब तुम्हें क्या लगता है? लगता नहीं, पूर्ण विश्वास हो गया है कि खिलाड़ी धांधली से ऊपर उठकर देश के लिए मर मिटता है। ऐसे में देश ईमानदारी से उनका साथ दे तो दलदल में भी कमल खिला सकता है। क्योंकि खेल से खिलाड़ी है और खिलाड़ी से खेल। इन सबके बीच धांधली का कोई स्थान नहीं है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में गंगवा ने किया ध्वजारोहण

## देश और प्रदेश को स्वच्छ, स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लें

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**विधानसभा उपाध्यक्ष** रणबीर गंगवा ने पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर परेड़ का निरीक्षण किया और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वालों को सम्मानित भी किया। अपने सम्बोधन में विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने आजादी की 76वीं वर्ष गांठ के अवसर पर जिलावासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंगा है। इस दिन के लिए मां भारती के न जाने कितने ही सपूतों ने अपना सबकुछ बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से हम सब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे थे। इस महोत्सव के



समापन पर के साथ ही माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान शुरू किया है । 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर शुरू किए गए, इस अभियान में देश के हर गांव व हर शहर की मिट्टी इक्ट्ठी की जा रही है। आजादी के बाद भी 1962, 1965 व 1971 के विदेशी आक्रमण से लेकर कारगिल युद्ध तक हरियाणा के वीर जवानों ने वीरता की मिसाल पेश करते हुए देश की आजादी में निरंतर योगदान दिया है । युद्ध के दौरान शहीद हुए सेना व अर्ध-सैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपए की गई है।आई.ई.डी. ब्लास्ट के दौरान शहीद होने पर भी अनुग्रह राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपए की गई है।

**आजादी का पर्व**

**आज पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंगा है। इस दिन के लिए मां भारती के न जाने कितने ही सपूतों ने अपना सबकुछ बलिदान कर दिया**

अब तक शहीदों के 367 आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी प्रदान की गई है । पिछले 9 साल में हरियाणा सद्भाव, सौहार्द, समान विकास, समरसताके साथ-साथ उन बदलावों का साक्षी रहा हैं, जिनसे हर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरक्षित हुआ है ।लेकिन आज हर सरकारी योजना के पारदर्शी तरीके से लागू किए जाने से घर बैठे गरीब की बेटी की शादी का शगुन, बुजुर्ग, विधवा व दिव्यांगों की पेंशन, बी.पी.एल. कार्ड, चिरायु कार्ड का लाभ कम्प्यूटर की एक क्लिक से सीधे पात्र के खाते में जाता है। इस साल को हम अन्त्योदय आरोग्य वर्ष के रूप में मना रहे हैं। गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए तकरीबन 85 लाख आयुष्मान भारत-चिरायु कार्ड घर बैठे ही बनाए गए हैं। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया , पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, मेयर अवनीत कौर, एडीसी वीना हुड्डा, भाजपा जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, जेजेपी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र धौला, भाजपा नेता हरपाल ढांडा, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम वीरेन्द्र कुमार ढुल, सीटीएम राजेश सोनी आदि उपस्थित रहे।

# रिफाइनरी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**इंडियन सिंथेटिक** रबड़ प्राईवेट लिमिटेड प्लांट परिसर में 77 वां स्वतंत्रता दिवस बडे.हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन मुकेश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई । मुकेश शर्मा ने कहा कि आज का दिन देश के उन महान वीर सपूतों को याद कर श्रद्धांजलि देने का है जिन्होंने देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी । उन महान सपूतों के बलिदानों की वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं । हमें ऐसे महान सपूतों को आज के दिन ही नही हमेशा याद रखना चाहिए । वहीं उन्होंने कहा कि हमारे देश की सीमाओं पर हमारी रक्षा करने वाले जवानों का भी हमें सम्मान करना चाहिए। जब रात को हम चैन की नींद सोते हैं तो हमारे जवान देश की सीमाओं पर रक्षा के लिए तैनात रहते हैं। इस अवसर पर इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड प्लांट परिसर में वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सिक्योरिटी गार्डों और श्रमिकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर मृत्युंजय तिवारी , शहजाद आलम , सुमेश रजक , बीरबल संधू , प्रभाकर सिंह, सोहबीर तोमर और संजय गईरोला आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे । वहीं दूसरी और उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन में कार्यकारी निदेशक एस.के. कनौजिया और रिफाइनरी मार्केटिंग डिवीजन में मुख्य महाप्रबंधक संदीप भट्ट द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई । महाराणा प्रताप हाई स्कूल ददलाना में 77 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । विद्यालय के प्रबंधक गोपीचंद शर्मा द्वारा झंडा फहराया गया । इस अवसर पर बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्याध्यापक बृजमोहन शर्मा के अलावा समस्त स्टाफ सदस्य और बच्चे उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विद्यालय खानपुर कोलियां में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**राजकीय माध्यमिक** विद्यालय खानपुर कोलियाँ (6402) में आज स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में शहीदों को नमन करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश की आजादी के पर्व को मनाने के लिए विद्यालय को छोटे-छोटे तिरंगे झंडों से सजाया गया जिसका नजारा देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति देकर सबके मन को मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों की खूब प्रशंसा की । स्वतंत्रता दिवस के इस कार्यक्रम में ग्राम खानपुर कोलियां के सरपंच राम कुमार, श्रीमती परमजीत कौर (जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा) अभिभावक गण, एसएमसी प्रधान सहित सदस्य व गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे! इस अवसर पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका श्रीमती सुनीता रोहिल्ला, स्टाफ सदस्य रजिंद्र सिंह, नरेश कुमार, कमलेश , अनीता , शशि व संजीव गुप्ता मौजूद रहे!

### सैकड़ों लोगों के साथ बुल्ले शाह ने कांग्रेस भवन पर फहराया तिरंगा

**पानीपतः पानीपत के** लाल बत्ती चौक पर स्थित कांग्रेस भवन मे वरिंदर बुल्ले शाह ने अपने सैकड़ो समर्थको के हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 77 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में तिरंगा फहराया। वही सरकार पर निशाना साधते हुए बोले की जो मोदी सरकार ने आह्वान किया है हर घर तिरंगा लगाओ , जो नही लगाएगा क्या वो हिंदुस्तानी नही है, ये बीजेपी के लोग बस राजनीति करना जानते है वो भी धर्म जाती पर देश का युवा आज बेरोजगार है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, हर रोज नए घोटाले सामने आ रहे है लेकिन ये सरकार धर्म और जाती के नाम पर लडवाना चाहती है पर अब लोगो को समझ आ गई है आने वाला वक़्त कांग्रेस पार्टी का है इसलिए ये लोग अब भुक्ला गए है। इस मौके पर सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बेस्ट एग्रोलाइफ ने चंडीगढ़ में खेती के लिए लाभकारी उत्पाद ट्राईकलर लॉन्च किया

**करनाल।** देश की अग्रणी एग्रोकेमिकल कंपनी बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड (बीएएल) ने हाल ही में चंडीगढ़ के होटल पार्क प्लाजा में प्रोजेक्ट लॉन्च के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 250 से अधिक वितरक उत्साह के साथ शामिल हुए। इस दौरान बीएएल ने अपने नवीनतम और उन्नत कृषि के लिए क्रांतिकारी उत्पाद ट्राईकलर लॉच किया है। जिसे खूब सराहना मिल रही है। इसका सीधा फायदा किसानों को खेती के लिए लाभकारी होगा। बीएएल के एमडी विमल कुमार ने ट्राइकलर के लॉन्च और किसानों व कृषि समुदाय पर इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम ट्राईकलर को पेश करते हुए रोमांचित हैं, किसानों को खेती की पैदावार में भरपूर फायदा होगा। डिफेनोकोनाजोल और सल्फर, ट्राईकलर फसल सुरक्षा के लिए एक समग्र पोषण प्रदान करता है, जिससे बेहतर पैदावार और स्वस्थ फसल सुनिश्चित होती है। इस कार्यक्रम में बीएएल के एमडी विमल कुमार, कार्यकारी निदेशक सतीश कुमार मल्होत्रा, नेशनल मार्केटिंग मैनेजर सारा नरसैया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यकारी निदेशक बाला वेंकट राम प्रसाद और बिजनेस हेड नॉर्थ सतेंद्र सिंह ने टिकाऊ कृषि व विकास के लिए बीएएल की प्रतिबद्धता को दोहराया। बीएएल के एमडी विमल कुमार ने कहा कि ट्राईकलर, बीएएल की एक अत्याधुनिक पेशकश, ट्राइफ्लोक्सीस्ट्रोबिन 10 प्रतिशत + डिफेनोकोनाजोल 12.5 प्रतिशत + सल्फर 3 प्रतिशत एससी का एक शक्तिशाली संयोजन प्रस्तुत करती है। ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोबिन और डिफेनोकोनाजोल का यह मिश्रण एक व्यापक स्पेक्ट्रम फफुंदीनाशक बनाता है। जो रोगनिरोधी, उपचारात्मक और उन्मूलनात्मक क्रिया प्रदान करता है।
यह संयोजन चावल, टमाटर, अंगूर, मिर्च, गेहूं, आम और सेब जैसी विविध प्रकार की फसलों में शीथ ब्लाइट, पाउडरी मिल्ड्यू, स्कैब और अल्टरनेरिया सहित विभिन्न फसल रोगों पर उल्लेखनीय नियंत्रण प्रदर्शित करता है।

# जामा मस्जिद में स्वतंत्रता दिवस पर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए तिरंगा फहराया

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**अफसर रावल** प्रांत संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हरियाणा द्वारा आज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा रोहण कर राष्ट्रगान के पश्चात समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया है कि 15 अगस्त 1947 को हमे ब्रिटिश शासन के 200 सालों के राज से आजादी मिली थी 1757 से लेकर 1857 तक भारत पर ब्रिटेन की ईस्ट इंडिया कम्पनी का कंट्रोल था देश के



वीर स्वतंत्रता सेनानियो के साहस और बलिदान के आगे अंग्रेजो ने घुटने टेक दिए और हमारा देश बटवारे के रूप मे 14 अगस्त को आजाद हुआ। हम सब मिल कर उन शहीदों को याद करते हुए। आज बापौली स्थित जामा मस्जिद में आज स्वतंत्रता दिवस पर आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए तिरंगा फहराया गया। बापौली के नायब तहसीलदार कैलाश चंद, बापौली थाना प्रभारी स. अतर सिंह, डा.प्रभु दयाल अरोड़ा, जितेंद्र वर्मा राजेंद्र आर्य, हर-देव नंबरदार, अली हसन, मौलाना जुबेर कारी, मुरसलीन, उमरदीन वकील आदि ने मिलकर मस्जिद पर तिरंगा फहराया तथा उसे सलामी दी। यहां पर बोलते हुए नायब तहसीलदार कैलाश चंद ने राष्ट्रगान गाने और तिरंगे को सलामी को लेकर विवाद खड़ा करने वाले लोगों से कहा कि भारत सभी का वतन है, लिहाजा भारत के तिरंगे और राष्ट्रगान का सम्मान करना चाहिए। आजादी के इस जलसे में सभी शामिल होना चाहिए।

# शहीदों के बलिदानो से हमे आजादी मिली है: सचिन कुंडू



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**स्वतंत्रता** दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमो में शिरकत करते हुए हल्का पानीपत ग्रामीण के नूरवला में झंडा फहराया गया। पानीपत में ही रक्तदान शिविर में साथियों सहित शामिल हुए सचिन कुंडू ने समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा की आजादी हमे सभी शहीदों ने बलिदान देकर दिलाई है और हमे आपसी भाईचारे व सौहार्द को बनाए रखना चाहिए ' आपस में मिलजुलकर ही अमन शांति व भाइचारे से प्रदेश व देश तरक्की की राह आसान हो सकती है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद जय कुमार बिंदल, लोकेश, जीतेंद्र पांचाल, विवेक सचदेवा, मनन एडवोकेट, पंकज मलिक, हाबिद आदि अन्य सैकड़ों साथी मौजूद रहे।

# गांव पटवी के ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाए पेड़ काटने के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** जिले में सरपंच पर पेड़ काटने के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचना देने के साथ.साथ पुलिस को भी शिकायत दी है। मामला पंजोखरा थाना के तहत आने वाले गांव पटवी का है। आरोप हैं कि सरपंच ने पंचायत में पेड़ों की टहनी काटने का रेगुलेशन पास करके मिलीभगत से पेड़ कटवा दिया। इसकी भनक लगने के बाद ग्रामीण भड़क गए और उन्होंने अवैध रूप से पेड़ कटवाने की सूचना पुलिस को दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच ने बिना

**सूचना दी**

**सरपंच ने पंचायत में पेड़ों की टहनी काटने का रेगुलेशन पास करके मिलीभगत से पेड़ कटवा दिया**

अनुमति के पंचायत की जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई कराई है। 4 ट्रॉली भरकर बेच दी है जबकि 5वीं उन्होंने पकड़ ली। डायल.112 को कॉल करके पुलिस को सूचना दी। अगर सरपंच ने चोरी की है तो मामला दर्ज करके सस्पेंड किया जाए।
घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर.ट्रॉली को अपने कब्जे में लिया।
उधर सरपंच मनजीत सिंह ने कहा कि जो आरोप उसके ऊपर लगाए गए हैंए वे सभी बेबुनियाद हैं। पेड़ों की कटाई नहींए सिर्फ छंटाई हो रही है। पटवी में जंगल होने के कारण थोड़ी सफाई कराई जा रही है। झाड़ियों का फायदा उठा कर गांव के युवा यहां बैठ कर नशा करते हैं। ग्रामीणों की मंजूरी लेकर ही छंटाई लगा रहे हैं। वही रात को सफेदे काट रहे हैं।

# रक्त की जरूरत के समय बचा सकता है किसी की जान: सचिन

**पानीपतः स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर मंगलवार को हैल्पएज ऑर्फनस ने इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन के सहयोग से कमलिया भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 265 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रमुख समाजसेवी सचिन कुंडू ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर हैल्पएज ऑर्फनस के संस्थापक मनन सिंगल व अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि सचिन कुंडू का बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कांग्रेस नेता सचिन कुंडू ने कहा कि रक्त ही जरूरत के समय किसी व्यक्ति की जान बचा सकता है।

# सामाजिक खेल व अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाले सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन**
**स्थानीय शिवाजी** स्टेडियम में स्वतंत्र में आयोजित किए गए 77 में स्वतंत्रता दिवस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा के उपाध्यक्ष रणवीर गंगवा ने जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में बाढ़ के कार्य में सराहनीय योगदान देने वाले पुलिस निरीक्षक राजेश मलिक बाढ़ के दौरान गांव को सुरक्षा प्रदान करने वाले पशुपालन विभाग के उप उप निदेशक संजय अंतिल, बाढ़ के बचाव कार्य में नागरिक सुरक्षा में भूमिका निभाने वाले सुनील फौर



, योग क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रमेश चंद्र, नृत्य के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए राकेश कुमार, गोताखोर के तौर पर निस्वार्थ भाव से निशुल्क सेवा प्रदान करने वाले राकेश, शहर में नैनो जंगल लगाने के कार्य करने वाले फ्लाइंग क्लब के नितिन, हरित क्रांति में सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले सुनील आर्य, खेती-बाड़ी के क्षेत्र में विजय कुमार, मत्स्य विभाग में नफे सिंह, बेजुबान जानवरों के उपचार खाने पीने में दवाइयों की मदद करने के समय में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पवन, वैष्णो महिलाएं स्वयं सहायता समूह की सुमन, सामाजिक सेवा में सविता, शिक्षा क्षेत्र से कुमारी तमन्ना, खेल क्षेत्र में विजेंद्र व कुमारी अक्षिता, कुश्ती में सागर, कानून व्यवस्था बनाने में इंस्पेक्टर दीपक, नरेंद्र व एलसआई आशा को सम्मानित किया गया।

बॉक्स

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित की गई परेड में प्लाटून हरियाणा पुलिस पुरूष वर्ग प्रथम, सर छोटू राम हैरिटेज स्कूल पानी की एनसीसी विंग ब्वायज की टीम द्वितीय स्थान पर व प्लाटून हरियाणा पुलिस महिला वर्ग की टीम तृतीय स्थान पर रही।
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में आयोजित किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली स्कूलों की टीम का विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने हौसला बढ़ाया है उन्हें सम्मानित किया।

# संजय अग्रवाल ने निकाली पानीपत बचाओं तिरंगा यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**15 अगस्त की** पावन बेला पर पानीपत शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल ने पानीपत बचाओ तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान पानीपत शहर से युवा बुजुर्ग एवं माताएं बहने सड़कों पर नजर आई। कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि 15 अगस्त के दिन पानीपत बचाओ तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब पानीपत की राजनीति में एक नया आध्या लिखा गया है। आज जिस प्रकार से मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के कारण हर वर्ग तंग आ चुका है ऐसे में पानीपत बचाओ तिरंगा यात्रा में शामिल होकर लोगों ने यह दिखा दिया है कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा और 2024 के अंदर विधानसभा चुनाव में पानीपत शहर से अपने बेटे अपने भाई संजय अग्रवाल को जीतकर चंडीगढ़ भेजने का कार्य करेंगे। आज सैकड़ो की संख्या में मोटरसाइकिल एवं गाड़ियों पर हमारी माता बहने बुजुर्ग एवं युवा साथियों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए । सुबह 11:00 बजे गोहाना मोड़ से यात्रा शुरू की गई जिसमें संजय चौक के रास्ते 8 मरला,रामलाल चौक,लाल बत्ती चौक से यू टर्न लेकर संजय चौक शिव चौक के रास्ते सो हम गार्डन में समाप्त हुई। यात्रा की अगुवाई महिलाओं द्वारा की गई जिसमें मेट्रो रिक्शा में बैठकर हाथों में तिरंगा झंडा लेकर महिलाओं ने यात्रा की अगुवाई करते हुए भारत माता की जय नारे लगाए। पानीपत में जगह पर आने को संस्थाओं द्वारा यात्रा का फूल मालाओं उसे स्वागत किया गया। वहीं अंत में सो हम गार्डन में सभी साथियों के लिए लंच का आयोजन किया गया । ऐसे में यात्रा में पानीपत शहरी विधानसभा के साथियों का कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने धन्यवाद किया और कहा की पानीपत शहर के लोगों ने आज इतना प्यार और आशीर्वाद दिया जिसका कर्ज वालों में जीवन भर रहूंगा और जब भी मौका मिलेगा पानीपत के लोगों के लिए उनके सुख सुविधाओं के लिए हर कार्य पूरा करूंगा।

# हंगामे के चलते नहीं लगी सब्जी की रेहड़ियां

## डिप्टी मेयर राजेश मेहता को अपनी समस्या के बारे में अवगत करवाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला शहर** के दो खंभा चौंक पर स्थित सब्जी मंडी में रेहड़ी लगाने को लेकर हंगामा हो गया। जिसके चलते किसी भी सब्जी वाले ने मंडी में रेहड़ी नहीं लगाई। इसके बाद रेहड़ी वाले निगम कार्यालय पहुंचे और डिप्टी मेयर राजेश मेहता को अपनी समस्या के बारे में अवगत करवाया। राजेश मेहता ने कहा कि उक्त महिला के साथ बातचीत कर समस्या का हल किया जाएगा। रेहड़ी संचालक मान सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह पिछले कई वर्षों से वह सब्जी मंडी में फ्रूट की रेहड़ी



लगाता आ रहा है। लेकिन पिछले कई महीनों से एक महिला उससे जबरन रेहड़ी लगाने की एवेज में रोजाना 340 रूपए वसूल रही है। लेकिन जब मान सिंह को पता चला कि उस महिला का मंडी में कोई अधिकार नही है तो उसने महिला को पैसे देने से मना कर दिया। जिसके चलते गत रात्रि रेहड़ी संचालक मान सिंह व महिला के बीच झड़प हो गई और महिला ने मान सिंह को धमकी दी कि वह उसे झूठे केस में फसां देगी और उस पर मामला दर्ज करवा देगी। जिसके चलते सभी रेहड़ी वालों ने एकजुटता दिखाते हुए रेहड़ियां नहीं लगाई। इसके कारण मंडी में सब्जी लेने के लिए आए लोगो को निराश होकर घर लौटना पड़ा।
सब्जी की रेहड़ियां लगाने वालों ने आरोप लगाए है कि उक्त महिला ने सभी रेहड़ी वालों को परेशान किया हुआ है। उन्होनें बताया कि अक्सर ही महिला स्पीकर लगाकर सब्जी बेचने का काम करती है। जिसके चलते आने जाने वाले लोगो को भी ऊँची आवाज से परेशानी होती है। इसके साथ ही सब्जी विक्रेताओं को भी परेशानी होती है। जिसके लिये भी महिला को रोका गया था।

# मोटोरोला ने सबसे किफायती स्मार्टफोन मोटो ई 13 लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल।** भारत में स्मार्टफोन के प्रमुख ब्रांड, मोटोरोला ने लंबे इंतजार के बाद आज अपनी ई- सीरीज लाइनअप के विस्तार की घोषणा की, और कंपनी ने इस मौके पर बड़े उत्साह के साथ बेहद दमदार 8जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज वाले बिल्कुल नए वेरिएंट में मोटो ई 13 को लॉन्च किया। यह ई- सीरीज के परिवार में शामिल होने वाला सबसे नया स्मार्टफोन है, जो यकीनन अपने बेमिसाल परफॉर्मेंस, शानदार डिजाइन और मात्र 8,999 रुपये की बेजोड़ कीमत के साथ इस सेगमेंट में बदलाव के नए दौर की शुरूआत करेगा। मोटो ई 13 बेहतरीन स्मार्टफोन की एक मिसाल है, जिसकी टेक्नोलॉजी और शानदार परफॉर्मेंस का कोई मुकाबला नहीं है। दमदार 8जीबी रैम और 128 जीबी की जबरदस्त क्षमता वाले इस स्मार्टफोन पर यूजर्स बड़ी आसानी से मल्टीटास्किंग कर सकते हैं, बहुत ज्यादा ग्राफिक्स वाले ऐप्स चला सकते हैं, और बिना किसी रुकावट के अपने सभी पसंदीदा कंटेंट्स को स्टोर कर सकते हैं। मोटो ई 13 को हर किसी का दिल जीतने के लिए डिजाइन किया गया है, और सचमुच यह स्मार्टफोन एक शोस्टॉपर की हर कसौटी पर खरा उतरता है। सिर्फ 179.5जी वजन और अल्ट्रा-थिन 8.47 एम एम प्रोफाइल वाले इस स्मार्टफोन का स्लीक और स्टाइलिश प्रीमियम डिजाइन आपकी ऑन-द-गो लाइफस्टाइल से पूरी तरह मेल खाता है।

# विधानसभा के विशेष सत्र की हुई बैठक

### शुरूआत वंदेमातरम के साथ, बिंदेश्वर पाठक को दी गई श्रद्धांजलि, विपक्ष ने सत्र बुलाने पर जताई आपत्ति, स्पीकर ने बोलने से रोका

**चर्चा**

**सदन की शुरूआत में बीते कुछ माह के दौरान विभिन्न हादसों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** विधानसभा का विशेष सत्र बुधवार सुबह से शुरू हुआ। इसकी शुरूआत वंदेमातरम के साथ हुई। इस दौरान स्पीकर की जिम्मेदारी डिप्टी स्पीकर राखी बिड़लान संभाल रही हैं। सदन की शुरूआत के साथ ही बीते कुछ माह के दौरान विभिन्न हादसों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सुलभ शौचालय की शुरूआत करने वाले बिंदेश्वर पाठक को भी सदन में श्रद्धांजलि दी गई। दिल्ली के मुख्यमंत्री का 55वां जन्मदिन है तो सदन में अरविंद केजरीवाल को भी बधाई दी गई।

**विपक्ष ने सत्र बुलाने पर जताई आपत्ति, स्पीकर ने बोलने से रोका:** गौरतलब है कि विधानसभा के इस सत्र को बुलाने पर एलजी वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आपत्ति जताई थी। इस खत को स्पीकर ने अनावश्यक बताया है। स्पीकर ने कहा, सत्र नियमों के अनुरूप ही हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एलजी के पत्र का समर्थन किया। बिधूड़ी ने कहा, दिल्ली विधानसभा देश में अकेली ऐसी है, जो सभी नियमों को दरकिनार कर चलती है। बिधूड़ी की इस बात पर स्पीकर ने आपत्ति जताते हुए उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी।

**दिल्ली विधानसभा (विशेष उल्लेख/नियम संख्या 280) : विधायक** मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि करावल नगर में दो बांध बने हैं। यमुना नदी होने के चलते इलाका जलमग्न हो गया। बांध की ऊंचाई कम होने से पानी ऊपर से बहने लगा। बांध की ऊंचाई एक मीटर है। इसे चौड़ा भी किया जाना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर इसकी मार हिंडन तक पहुंच सकती है। पुश्ते की ऊंचाई एक मीटर बढ़ाई जाए। वहीं विधायक अजय महावर ने कहा कि घोंडा विधानसभा में सीवर से निकलने वाली सिल्ट के निस्तारण की व्यवस्था नहीं है। प्रॉपर गाइडलाइन होनी चाहिए। यहां सीवर जाम रहते हैं। दोनों मुख्य सीवर लाइन पेयजल में मिक्स हो जाते हैं। जिससे पीने का पानी दूषित हो जाता है। यहां पैंतीस साल पुरानी सीवर लाइन है जिसे लेकर सत्र बुलाया जाए।

## घोटाले और दिल्ली की जनता से जुड़े मुद्दे पर चर्चा नहीं चाहती सरकार: रामवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा केजरीवाल सरकार पर लगाए गए भ्रष्टाचार के मामले को लेकर नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को कहा कि उन्हें सत्र के बुलाने के तरीके पर ही आपत्ति है। भाजपा ने 12 मुद्दे पर सरकार से चर्चा करने की मांग की है। सरकार ने विधानसभा सत्र सिर्फ दो दिनों के लिए बुलाया है। बिधूड़ी का कहना है कि दिल्ली जल बोर्ड में 72 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। इसके



अलावा मुख्यमंत्री के शीश महल बनाने में घोटाला हुआ है। नियमों की अनदेखी हुई है। डीटीसी की बसें बदतर हो चुकी है और डीटीसी में भी घोटाला हुआ है। इन सब मुद्दों पर विपक्ष सरकार से चर्चा कराना चाहती है। इस पर दिल्ली की जनता भी सरकार का पक्ष जानना चाहती है। यह विधानसभा सत्र तभी सार्थक होगा जब सरकार इन सभी सवालों का जवाब दें। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नेता विपक्ष ने उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर विधानसभा सत्र में नियमों की अनदेखी का आरोप लगाया था।

# लोकसभा चुनावः दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की हुई बैठक



**मंथन**

**बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठक की। कांग्रेस की ओर से जारी ट्वीट में कहा गया है कि पार्टी मुख्यालय में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की एक बैठक पार्टी अध्यक्ष ने बुलाई। इस बैठक में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे। इस दौरान दिल्ली से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में दिल्ली के कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल समेत दिल्ली के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर इससे पहले भी कांग्रेस आलाकमान अन्य राज्यों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना सहित कई अन्य राज्यों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ दिल्ली में बैठकें कर चुके हैं।

# कैग की रिपोर्ट पर आप ने केन्द्र को घेरा

### रिपोर्ट के आधार पर कहा कि इसके निर्माण में मोदी सरकार ने भारी भ्रष्टाचार किया

**आरोप**

**ये सड़क 18 करोड़ रुपए प्रति किमीं में बननी थी, बिना अप्रूवल लिए इसे 251 करोड़ प्रति किमीं में बनाया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने बुधवार को द्वारका एक्सप्रेसवे का दौरा किया और भारत के महालेखा नियंत्रक यानी सीएजी (कैग) की रिपोर्ट के आधार पर कहा कि इसके निर्माण में मोदी सरकार ने भारी भ्रष्टाचार किया है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि ये सड़क 18 करोड़ रुपए प्रति किमीं में बननी थी, लेकिन मोदी सरकार ने बिना अप्रूवल लिए इसे 251 करोड़ प्रति किमीं में बनाया। सीएजी की रिपोर्ट में मोदी सरकार के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हम एक्सप्रेस-वे पर जाकर देखना चाहते थे कि आखिर 251 करोड़ रुपए प्रति किमीं में बनने वाली सड़क कैसी दिखती है? हम सड़क की मिट्टी घर लेकर जाएंगे, क्योंकि हो सकता है कि आने वाले दिनों में यह सोना बन जाए। उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है और दूसरी तरफ केजरीवाल सरकार आजादपुर फ्लाईओवर बनाने में 100 करोड़ बचाकर उस पैसे से जनता को सुविधाएं देती है।

## गो फर्स्ट एयरलाइन की सभी उड़ानें 18 अगस्त तक कैंसिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आर्थिक संकट से जूझ रही एयरलाइन कंपनी गो फर्स्ट ने अब अपनी सभी उड़ानें 18 अगस्त तक रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने पिछले 3 मई से लगातार अपनी सभी फ्लाइट्स को कैंसिल कर रखा है। कंपनी ने एक्स पोस्ट पर ट्वीट कर बताया कि परिचालन कारणों से 18 अगस्त तक गो फर्स्ट की सभी उड़ानें कैंसिल कर दी गई हैं। गो फर्स्ट ने कहा कि असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं। अधिक जानकारी के लिए सभी ग्राहक पर जा सकते हैं। किसी तरह के संशय या सवाल मन में होने पर आप बेझिझक हमसे संपर्क कर सकते हैं।

# ठगी के मामले में विदेशी नागरिक गिरफ्तार

### सोशल मीडिया पर कोई अनजान लड़की फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट भेजे तो जरा सावधान हो जाएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सोशल मीडिया पर कोई अनजान लड़की फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट भेजे तो जरा सावधान हो जाएं। कहीं ऐसा न हो कि यह कोई शातिर ठग हो। जी हां, रोहिणी जिला के साइबर थाना पुलिस ने एक ऐसे ही विदेशी नागरिक को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपित इंस्टाग्राम, फेसबुक और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़की बनकर लोगों से दोस्ती कर लेता था। बाद में उनको विदेशों से महंगे तोहफे भेजने के नाम पर ठग लिया जाता था। पकड़े गए आरोपित की पहचान घाना, पश्चिम अफ्रीका निवासी प्रिंस जॉय (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से नौ मोबाइल फोन, 31 सिमकार्ड, 13 डेबिट कार्ड और एक लैपटॉप बरामद किया है। पुलिस को इसके



एक अन्य साथी की तलाश है। पुलिस के मुताबिक 11 जुलाई को नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल के जरिये साइबर पुलिस थाने को एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता गोविंद सिंह ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। जून माह में उसने इंस्टाग्राम पर एक लड़की का फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट कबूल किया था। चैट के दौरान दोनों एक दूसरे के दोस्त बन गए। युवती ने 10 जुलाई को गोविंद के बर्थडे पर उसे विदेश से महंगा गिफ्ट भेजने के लिए कहा। गोविंद उसके झांसे में आ गया। इस बीच नौ जुलाई को पीड़ित के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आयी। कॉलर ने बताया कि उनके पास एक पार्सल आया है। शिपमेंट चार्ज के नाम पर आरोपित ने पीड़ित से 27 हजार 300 रुपये मांगे। दिए गए अकाउंट नंबर पर पीड़ित ने रुपये ट्रांसफर कर दिए तो इसके बाद उससे कस्टम के नाम पर 31 हजार 500 रुपये मांगने लगे। पीड़ित को समझ आ गया कि उसके साथ ठगी हुई है। गोविंद की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पुलिस को पता चला कि जिस खाते में ठगी की रकम गई है, वह किसी आसमा के नाम पर चल रहा है।

**फर्जीवाड़ा**

**दोनों एक दूसरे के दोस्त बन गए। युवती ने गोविंद के बर्थडे पर उसे विदेश से महंगा गिफ्ट भेजने के लिए कहा**

# रेलवे टेंडर घोटाला: पेश की गईं दलीलें



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में बुधवार को रेलवे टेंडर घोटाला मामले में आरोप तय करने के मामले पर आरोपितों की ओर से दलीलें पेश की गईं। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने 25 अगस्त को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। इससे पहले 7 अगस्त को आरोपितों राकेश सक्सेना और भूपेंद्र कुमार अग्रवाल की ओर से आरोप तय करने पर दलीलें पेश की गई थीं। 22 जुलाई को लालू यादव की ओर से आरोप तय करने पर वकील मनिंदर सिंह ने दलीलें पेश की। 28 जनवरी, 2019 को कोर्ट ने ईडी की ओर से दर्ज केस में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी थी। 19 जनवरी, 2019 को कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दर्ज केस में लालू यादव को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने लालू यादव को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। कोर्ट ने 17 सितंबर, 2018 को ईडी की ओर से दायर चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। इस मामले में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, मेसर्स लारा प्रोजेक्ट एलएलपी, सरला गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, गौरव गुप्ता, नाथ मल ककरानिया,राहुल यादव, विजय त्रिपाठी, देवकी नंदन तुलस्यान,मेसर्स सुजाता होटल, विनय कोचर, विजय कोचर, राजीव कुमार रेलान और मेसर्स अभिषेक फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है।

# 'सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए केन्द्र मुफ्त एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए मुफ्त एचपीवी वैक्सीन शुरू करने की मांग की है।स्वाति मालीवाल का कहना है कि भारत में महिलाओं में कैंसर से जुड़ी मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण सर्वाइकल कैंसर है। अनुमान है कि देश में हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और 75 हजार से अधिक मौतें होती हैं। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित कई संस्थानों द्वारा किए गए शोध की रिपोर्ट का हवाला देते हुए



दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा है कि, हम दुनिया में सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौतों के मामले में सबसे अधिक संख्या वाले देशों में से एक हैं, जहां हर पांच में से एक या कुल का 21 प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर के मामले भारत में सामने आते हैं। इसी अध्ययन में यह भी कहा गया है कि सर्वाइकल कैंसर के कारण होने वाली मौतों में से 23 प्रतिशत यानी लगभग हर चार में से एक मौत भारत में होती है। यह अध्ययन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का एक हिस्सा, इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) के वैश्विक 2020 डेटाबेस पर आधारित था, जिसके अनुसार 2020 में दुनिया भर में सर्वाइकल कैंसर के 6 लाख से अधिक नए मामले और 3.4 लाख से अधिक मौतें हुईं। पत्र में कहा गया है कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण के लिए नियमित जांच और टीकाकरण की मदद से सर्वाइकल कैंसर को रोका जा सकता है, जो इस बीमारी के लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार है। रिपोर्टों के अनुसार, दस वर्षों तक स्कूल जाने वाली लड़कियों के नियमित टीकाकरण के बाद ब्रिटेन में सर्वाइकल कैंसर की दर में 90 प्रतिशत की कमी देखी गई है। भारत में, गार्डासिल और सर्वारिक्स के लिए एचपीवी वैक्सीन की कीमत क्रमशः 2800 और 3299 प्रति खुराक है, प्रत्येक टीके के लिए न्यूनतम 3 खुराक की आवश्यकता होती है। अर्थात भारत में एक लड़की को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगवाने के लिए 8400 या 9897 की राशि की आवश्यकता होती है, जो देश के अधिकांश लोगों के लिए एक बड़ी राशि है। कीमत, उसके प्रयोग, किस आयु में कितनी डोज दी जानी चाहिए, भारत के सिक्कम राज्य में एचपीवी वैक्सीन लगाए जाने के क्या परिणाम रहे आदि का विस्तृत विवरण देते हुए पत्र में लिखा है कि सर्वाइकल कैंसर का निदान नियमित जांच और ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण के टीकाकरण के माध्यम से किया जा सकता है।

**मांग**

**हम दुनिया में सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौतों के मामले में सबसे अधिक संख्या वाले देशों में से एक हैं**

# संघ ने सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर के निधन पर जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक डॉ. बिंदेश्वर पाठक के निधन पर शोक जताया है। संघ के सरकार्यवाह दतात्रेय होसबाले ने कहा है कि पिछले पांच दशकों में इस संस्थान ने करोड़ों लोगों को सहज और स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघ के प्रचार विभाग की ओर से जारी वक्तव्य में होसबाले ने कहा कि देश में स्वच्छता के उद्देश्य के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले बिंदेश्वर पाठक नहीं रहे। 1968 में उन्होंने डिस्पोजल कंपोस्ट शौचालय का आविष्कार किया था। उन्होंने सिर पर मैला ढोने की प्रथा की समाप्ति में निर्णायक भूमिका निभाई थी। वर्ष 1970 में उन्होंने 'सुलभ इंटरनेशनल' की स्थापना की। पाठक के अनथक प्रयासों से आज देशभर में उनकी संस्था द्वारा निर्मित 8500 सुलभ शौचालय और स्नानघर हैं। सेवाकार्यों के लिए पद्म भूषण से अलंकृत डॉ. पाठक को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें, हम ऐसी प्रार्थना करते हैं। डॉ. पाठक का अंतिम संस्कार बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे दिल्ली के लोधी रोड स्थित शमशान घाट पर किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। अस्सी वर्षीय डॉ. पाठक का मंगलवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। सुबह सुलभ इंटरनेशनल के केंद्रीय कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें एम्स ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। वह बिहार के वैशाली जिले के रहने वाले थे।

# त्योहारी सीजन में चीनी सामान के बहिष्कार आह्वान




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को रक्षाबंधन से शुरू होकर दीपावली तक चलने वाले त्योहारी सीजन के दौरान चीनी सामान के पूर्ण बहिष्कार का आह्वान किया है। कारोबारी संगठन कैट का अनुमान है कि त्योहारी सीजन में सामानों के आयात न होने से चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार का नुकसान होगा। इस त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के खर्च से अर्थव्यवस्था में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की पूंजी का प्रवाह हो सकता है। पिछले वर्ष चीनी सामानों के बहिष्कार से 75 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया का अनुसरण करते हुए देशभर के व्यापारियों ने चीनी सामान को न बेचने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता भी अब चीनी सामान खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, जिसके कारण भारतीय सामान की मांग में वृद्धि हुई है। कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी के 20 शहरों में किए गए सर्वे में यह तथ्य सामने आया है कि इस वर्ष अभी तक भारतीय व्यापारियों और आयातकों ने दिवाली के सामान, पटाखों या अन्य समान वस्तुओं का कोई ऑर्डर चीन को नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सभी पर्व विशुद्ध रूप से भारतीय त्यौहार के रूप में मनाये जायेंगे।

**स्वदेशी पर जोर**

**त्योहारी सीजन में सामानों के आयात न होने से चीन को लगभग एक लाख करोड़ रुपये के व्यापार का नुकसान होगा**

# द्वारका एक्सप्रेस-वे में 1 किमी. सड़क बनाने के लिए खर्च हुए 250 करोड़ रुपये : कांग्रेस

### कैग ने मोदी सरकार के सात बड़े घोटालों को उजागर किया है, भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिंग में फर्जीवाड़ा हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने आरोप लगाया है कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में एक किमी. सड़क बनाने के लिए 250 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट बताती है कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में तय मानक से अधिक धन व्यय व्यय किया गया है। श्रीनेत ने कहा कि कैग ने मोदी सरकार के सात बड़े घोटालों को उजागर किया है। उन्होंने कहा



कि भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिंग में फजीर्वाड़ा हुआ। द्वारका एक्सप्रेस-वे में 1 किमी. सड़क बनाने में 250 करोड़ खर्च हुए। टोल नियमों का उल्लंघन कर एनएचएआई ने जनता से 132 करोड़ वसूले। आयुष्मान भारत योजना के 7.5 लाख लाभार्थी एक ही नंबर से लिंक हैं। अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पेंशन स्कीम का पैसा प्रचार में खर्च किया और एचएएल पर विमान इंजन की डिजाइन-प्रोडक्शन में गंभीर खामी के आरोप लगे हैं। इसमें 154 करोड़ का नुकसान हुआ है। सुप्रिया श्रीनेत ने सवालिया लहजे में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन घोटालों पर चुप क्यों हैं? क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और मंत्री पर कोई कार्रवाई होगी? आयुष्मान भारत के लाभार्थियों का पैसा किसने गबन किया? ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पेंशन स्कीम का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में क्यों खर्च किया? अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों को अनुचित लाभ कौन पहुंचा रहा है?

**सरकार को घेरा**

**कैग की रिपोर्ट बताती है कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में तय मानक से अधिक धन व्यय व्यय किया गया**

## न्यूज फ्लैश

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक पृथला नयन पाल रावत ने किया ध्वजारोहण



**गन्नौर: उपमंडल स्तरीय** स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक पृथला नयन पाल रावत ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट कर रही सभी परेड टुकड़ियों की सलामी ली और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विजेता टीमों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाजसेवी संस्थाओं व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर एसडीएम निर्मल नागर, तहसीलदार मनोज कुमार, बीडीपीओ पूनम चंदा, एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**गन्नौर: चाइल्ड** केयर इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया गया। बच्चों ने देशभक्ति से युक्त कविताएं सुनाई व भाषण दिए। स्कूल के प्रबंधक अजय यादव, प्रधानाचार्या अक्षिता आहूजा ने ध्वजारोण कर छात्रों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया। शिक्षक सुरेंद्र, नीलम, लवली, कुसुम, आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया।

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का जश्न



**सोनीपत: ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया । स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से देश प्रेम का संदेश दिया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को देश की आजादी का मूल्य समझना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देशभक्तों के लंबे संघर्ष, त्याग व शहादत की बदौलत ही हमें आजादी मिली है। हमारा भारत सभ्यता, संस्कृति और ज्ञान की पराकाष्ठा के कारण विश्व गुरु माना जाता है। इसलिए इस पावन दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि भारत को विश्वगुरु बनाए रखने में हम सदैव तत्पर रहेंगे। सीईओ संजय जैन ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान से विशेष कर छात्र-छात्राओं को काफी प्रोत्साहन मिला है। आज पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है। पूरा देश देश भक्ति के रंग में रंगा है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सदैव आभारी रहने ,उनके बलिदानों को याद रखने तथा स्वतंत्रता के महत्व को समझने का संदेश दिया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान गाया व झंडे को सलामी दी। समारोह में छात्र-छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य, भाषण व नाटिकाओं के माध्यम से देश प्रेम का संदेश दिया। छात्राओं ने देश भक्ति की भावना से सराबोर समूह नृत्य की दमदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। खास तौर पर महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस आदि की वेशभूषा में यहां पहुंचे नौनिहालों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। युग, युक्ति, जैनिका, देव, अर्पित, हिमांशी, रिद्धि, अनाया, मौलिक आदि ने अपने देशभक्ति के जज्बे व भावपूर्ण अभिनय से सभी को प्रभावित किया और भारत में अनेकता में एकता का संदेश किया। अध्यापिका बीना, मुकेश, प्रीति, संगीता, मीनू,दिव्या, आहुति, नमिता, नीरजा, सीमा, कावेरी आदि ने इस आयोजन में अहम योगदान किया ।

# मेयर निखिल मदान ने नगर निगम वासियों को दी स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें

## रोटरी क्लब द्वारा आयोजित साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुरू करवाया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत मंगलवार को** स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मेयर निखिल मदान ने दर्जन भर से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत कर निगम वासियों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी।

इस दौरान मेयर निखिल मदान रोटरी क्लब के एटलस रोड़ स्तिथ सेंटर में पहुँचे जहाँ उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा आयोजित साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुरू करवाया। स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर निकाली गई यात्रा की थीम क्लीन सोनीपत ग्रीन सोनीपत रखी गई। इसके पश्चात मेयर निखिल मदान द्वारा सिद्धार्थ एंकलेव,बाबा कॉलोनी,विकास नगर में शहीद भगत सिंह पार्क में ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने अपने सम्भोदन में कहा कि आज हम सबको देश के सभी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को भी याद करना चाहिए जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की अनेकों यातनाये सहने के बाद अपना बलिदान दिया।

इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 77 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस भवन में आयोजित स्वतन्त्रता दिवस समारोह में हिस्सा लेकर कांग्रेस नेताओं एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया।

मेयर निखिल मदान ने इसके उपरांत समाजसेवी संस्था स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 कम्युनिटी सेंटर में, सेक्टर 23 के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में, ककरोई रोड़ स्तिथ वाल्मीकि मंदिर, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कालोनी में भी ध्वजा रोहण कर लोगों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दी। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और प्रस्तुति देने वाले स्कूली विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया। मेयर निखिल मदान ने स्वतंत्रता दिवस पर अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मलेन द्वारा लगाए गए तृतीय विशाल रक्तदान शिविर में पहुंच कर सभी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में भागवन कथा के समापन पर लगाया भंडारा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मोहल्ला चांदूवाडा में कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कथा व्यास पंडित नवीन कौशिक ने व्यास पीठ से कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त करने के लिए भक्ति मार्ग से जुडकर सत्कर्म करना चाहिए। हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मन वांछित फल प्रदान करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में बदलाव हो जाता है। कथा के समापन पर यजमान अनिल सचदेवा, पूनम सचदेवा, श्रीकांत पाल, सरस्वती पाल, कैलाश सैनी, शर्मिला सैनी, कन्हैया लाल शर्मा, सरोज देवी, भगवती यादव, मुनेश यादव, नरेश वाधवा, प्रीति वाधवा, कप्तान यादव, सुरेंद्र अग्रवाल एवम समस्त मोहल्ला वासी उपस्थित रहे।

## गन्नौर कोर्ट परिसर में तिरंगा फहराकर महानी शहीदों की कुर्बानी को याद किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। बार** एसोसिएशन द्वारा कोर्ट परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि एडशिनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद व सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा ने ध्वजारोण किया। बार एसोसिएशन प्रधान गौरव त्यागी व अन्य वकीलों ने उनका बूके देकर स्वागत किया। एडशिनल सिविल जज सीनियर डिविजन सोनिया श्योकंद ने कहा कि महान शहीदों की कुबार्नी की बदोलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है। सिविल जज जूनियर डिविजन पुनीत लिंबा ने शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में सभी अधिवक्ता मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर लहराया तिरंगा



**गन्नौर: डी.** ए. वी. पब्लिक स्कूल में उमंग के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

जिसमें 48 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानति स्कूल की मैनेजर अनीता बढ़ेरा व प्रधानाचार्य चन्द्रप्रकाश ने ध्वजारोहण किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच का संचालन छात्रा सोनल एवं संजना शिक्षिका प्रवीण सेतिया ने किया।

## रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाकर अपने पिता को दी श्रद्धांजंलि



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी द्वारा महावीर चौक पर संचालित रोटरी रसोई पर प्रतिदिन मात्र 10 रूपए में जरूरतमंद लोगों को भरपेट उपलब्ध करवाया जाता है। जिसमें क्लब सदस्यों के अलावा क्षेत्र के अन्य गणमान्य जागरूक लोग भी अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, स्मृति दिवस इत्यादि के अवसर पर रसोई में अपनी सेवाएं देकर रसोई को विशेष सहयोग प्रदान कर अपने विशेष दिन को यादगार बनाते हैं। इसी कडी में बुधवार को रामोतार जिंदल की पुध्यतिथि के अवसर पर सुभाष चन्द मुकेश चन्द परिवार ने जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाने में अपना विशेष सहयोग प्रदान कर रसोई पर सेवा दी। उन्होने बताया कि उनके पिता धार्मिक प्रवृति के इंसान थे और इस प्रकार रोटरी रसोई के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाकर किसी का पेट भरने से उन्हे सच्ची श्रद्धांजली अर्पित की गई। क्लब की ओर से उन्हे सम्मानित करते हुए क्लब के जोनल चेयरपर्सन प्रवीण संघी ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा पिछले करीब 5 वर्षों से इस रसोई का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जहां मात्र दस रूपए में प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोग भोजन ग्रहण करते हैं और इसी प्रकार क्षेत्र के अनेक जागरूक गणमान्य जन समय समय पर अपना विशेष सहयोग देकर इस नेक कार्य में हाथ बंटाते हैं।

# बालौर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर बहादुरगढ़ के बालौर गांव में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव के 93 वर्षीय वयोवृद्ध एवं शिक्षाविद् प्रोफेसर धर्मेन्द्र यादव ने ग्राम पंचायत के आग्रह पर ग्राम पंचायत भवन में तिरंगा फहराया। इस समारोह का आयोजन बालौर गांव के सरपंच राजेश यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी पदाधिकारी, पंच, बच्चे व काफी संख ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर बालौर के सरकारी स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक व देशभक्ति के गीत पेश कर सबका मन मोह लिया।

ध्वजारोहण करते हुए मुख्यअतिथि पूर्व प्रोफेसर धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि देश एक तरफ विकास के रास्ते पर चल रहा है वहीं देश में अलगाववादी ताकते भी बढ़ रही है। इसलिए हम सबको मिलकर देश की एकता, अखंडता व भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होने बच्चों को अपने बचपन की कुछ यादों को भी बताया और कहा कि वह भी इसी स्कूल से पढ़े है और आज आपकों देखकर उन्हे अपना बचपन याद आ गया। उन्होने गांव में भाईचारे व विकास के कार्यों को मिलकर करने का आहवान किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच राजेश यादव ने मुख्य अतिथि का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि अपनो बुजुर्गों को सम्मान देना ही हमारी संस्कृति है। इस अवसर उन्होने मुख्यअतिथि के साथ ध्वजारोहण किया और सभी को देश के प्रति समर्पित रहने और देश की एकता, अखंडता व भ्रष्टाचार मुक्त भारत की शपथ दिलाई। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सतबीर यादव, जवाहर यादव, हरपाल सिंह यादव, राज सिंह नंबरदार, धर्मसिंह, शेर सिंह यादव, होश्यार सिंह यादव, राजबीर यादव के साथ-साथ बालौर स्कूल के शिक्षक बलजीत सिंह, सुशीला देवी, सीमा व अनूप सिंह भी उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर सरपंच राजेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया बच्चों को लड्डू बांटे गये।

**शपथ दिलवाई**

**सभी को देश के प्रति समर्पित रहने और देश की एकता, अखंडता व भ्रष्टाचार मुक्त भारत की शपथ दिलाई**

## टेकनोलॉजी की दुनिया में टेकनो अपनी सिग्नेचर सीरीज का प्रदर्शन करता है

**नोएडा।** टेकनो मोबाइल - एक वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड - ने 11 अगस्त से 13 अगस्त 2023 को अपनी पहली वार्षिक घटना 'वर्ल्ड ऑफ टेकनोलॉजी' का आयोजन किया, जो 16 अगस्त 2023 को दिल्ली के डीएलएफ अवेन्यू में हुआ, जहां पर उसने पोवा 5 सीरीज और मेगाबुक लैपटॉप का अनावरण किया। टेकनो द्वारा भारत में पहली बार आयोजित टेक्नोलॉजी इवेंट ने उसके विभिन्न उत्पाद लाइन और संबंधित एआईओटी श्रेणियों में उसके भविष्यवाणीक उत्पादों की विविध रेंज प्रस्तुत की। इस ब्रांड ने आने वाले त्योहारी मौसम के दौरान प्रमुख राज्यों के सभी टियर 1 और 2 शहरों में इस अविस्मरणीय आयोजन को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है। टेकनो ने भारतीय उपभोक्ताओं की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित समाधान प्रदान करने वाले एक नवाचारी प्रौद्योगिकी-नेतृत्व ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। 2023 की शुरूआत से, टेकनो ने छ 20,000 से छ 1 लाख तक के मध्य-उच्च सेगमेंट के लिए अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को संयोजित करने और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

आरिजित तालापात्रा, सीईओ, टेकनो मोबाइल इंडिया, ने टिप्पणी की, ह्लपिछले छह सालों में, टेकनो ने पूरे भारत में अपनी मौजूदगी को महसूस किया है। उत्कृष्ट गुणवत्ता, विशेष दिखावट और शक्तिशाली प्रदर्शन की मिसाल प्रस्तुत करते हुए, हमारे उत्पाद पोर्टफोलियो को 20 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं द्वारा प्रशंसा मिली है। हम स्थानीय विनिर्माण, आर एंड डी और प्रतिभा अधिग्रहण पर महत्व देते हैं ताकि हम पहले मेड-इन-इंडिया फोल्डेबल स्मार्टफोन जैसे उदाहरणों को प्रदान कर सकें।

## चर्चित अंग्रेजी लेखक शेर सिंह ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2023 से सम्मानित हुए



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर जयपुर में** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आई केन फाउंडेशन द्वारा ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंट अवार्ड 2023 का आयोजन हिल्टन होटल में रखा गया जिसमें लेखक शेर सिंह को आई केन फाउंडेशन द्वारा एजुकेशन, मीडिया एंड आर्ट में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड 2023 से नवाजा गया। आई केन फाउंडेशन के संस्थापक श्री गौरव गौतम जी व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने उनको सर्टिफिकेट व शील्ड देकर सम्मानित किया । समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरुण चतुर्वेदी जी थे। यह पुरस्कार आई केन फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए दिया जाता है।

## सीधी बजाई कर किसान लें अधिक पैदावार: अजय राणा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** के निकटवर्ती गांव तेपला स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सीधी बिजाई को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कृषि विज्ञानिकों सहित आए वक्ता को सवाना सिड्स का फुलपेज तकनीक का प्रयोग बताया। इस दौरान सवाना सीड्स के सीईओ अजय राणा, मनोज सिंह ने बताया कि इस तकनीक से किसानों को भारी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस तकनीक से पानी की बचत होती है तथा खेतों में किसानों को मजदूरों की भी कम आवश्यकता होती है। यहां तक की सीधी बिजाई पर सरकार भी अनुदान दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह तकनीक सबसे कारगर है। इससे किसान अधिक पैदावार ले सकता है। संस्थान के निदेशक डॉ उपासना ने बताया कि किसानों को डीएसआर को लेकर हम जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारें जिले में धान की रूपाई अधिक होती है। ऐसे में यहां पर जल की बचत करना हमारा कतर्व्य है। किसानों को अधिक से अधिक फायदा हो इसको ध्यान में रखते हुए जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं तथा संगोष्ठियों के माध्यम से किसानों को बताया जाता है कि डीएसआर से सीधी बिजाई कर अधिक पैदावार की जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि 2010 में खुड्डा गांव से इस तकनीक को शुरू किया गया था। और आज यह तकनीक इस क्षेत्र में काफी कारगर सिद्ध हो रही है। वहीं इस संबंध में किसानों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सीधी बिजाई डीएसआर को अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बिजाई से किसानों को भारी फायदा हो रहा है और किसानों को भी चाहिए कि वह डीएसआर शुरू करें।

# नागरिक अपने कर्तव्यों को निभाते हुए भी कर सकते है देश सेवा: अनिल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत क्राईम कन्ट्रोल** एंड ह्यूमन राईट्स ऑर्गेनाईजेशन द्वारा आजादी के 76 वें स्वतंत्रता दिवस पर युद्ध स्मारक सोनीपत पर रीथलिंग सेरेमनी (श्रद्धांजलि) का कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि 12 हरियाणा बटालियन एन सी सी कमाडिंग ऑफिसर कर्नल अनिल यादव पहुंचे ' कर्नल ने युद्ध स्मारक पर रित चढाते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को देश की रक्षा करते हुए शहीद जवानों को हमेशा याद करना चाहिए ' जरूरी नही कि वर्दी पहन कर ही देश सेवा की जाए अपने कर्तव्यों को निभा कर भी देश सेवा की जा सकती है। हमें शहीदों कुबार्नी को याद रख कर देश की एकता अखंडता को बनाए रखने का सदैव प्रयासरत रहना चाहिए ' बतौर वशिष्ठ अतिथि सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, नायब सूबेदार शिवाकांत गौड़ ने शिरकत की शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ' कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने की ' मंच का संचालन संध्या सिंह द्वारा किया गया ' कार्यक्रम में जी०वी०एम एवं हिन्दू कन्या कालेज, आई टी आई के एन सी सी कैडेट्स द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की ' इस अवसर पर हवलदार राजकुमार, हवलदार सन्दीप कुमार, एन०एन०ओ० लेफ्टिनेंट प्रियंका दहिया, नीतू नासिर, सेवानिवृत्तदफेदार मुकेश मलिक, स्वच्छ भारत मिशन सदस्य किरण बाला, पार्षद नितू दहिया, समाज सेविका उषा भण्डारी, स्नेह लता, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, उमेश गौड़, कपिल अनेजा, जिला अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, सचिव राजीव राठौड़, महिला जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सचिव सरिता पांचाल, नरजीत खत्री, डॉ घनश्याम, अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विधायक पंवार ने स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों में पहुंचकर किया ध्वजारोहण



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विधायक सुरेंद्र** पंवार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिद्धार्थ कॉलोनी, नरेंद्र नगर स्थित सेंट जूड एकेडमी, जिला कांग्रेस भवन, लाल बहादुर शास्त्री पार्क सेक्टर-23, शहीद भगत सिंह पार्क विकास नगर, ककरोई रोड भगवान वाल्मीकि मंदिर, ज्ञान विद्यापीठ स्कूल, कुष्ठ आश्रम सेक्टर-15 सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर ध्वजारोहण किया। विधायक सुरेंद्र पवार ने शहरवासियों को स्वतंत्रा दिवस की शुभकामनाएं दी। विधायक सुरेंद्र पवार ने कहा कि 15 अगस्त का दिन देशवासियों के लिए बड़े हर्ष व उल्लास का दिन होता है। 15 अगस्त के दिन ही हमारा देश आजाद हुआ था। यह स्वतंत्रता हमें कोई एकाएक नहीं मिली थी, बल्कि यह देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दशकों तक किए गए कड़े संघर्ष, त्याग, तपस्या व बलिदान का नतीजा था। आजादी के मतवालों ने देश को आजाद करवाने में अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों को शत-शत नमन करता हूं कि जिनकी बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। हम सभी का कर्तव्य बनता है कि हम देश को आजादी दिलवाने वाले उन सभी वीरों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए अपने देश को तरक्की के पथ पर निरंतर आगे बढ़ाते रहे, ताकि हमारा देश व प्रदेश हमेशा खुशहाल रहे।

# नरेला विकास संगठन ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वतंत्रता** दिवस के अवसर पर मंगलवार को नरेला में आजादी का जश्न हर्षोल्लास के बीच मनाया गया। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाहरी दिल्ली की प्रमुख सामाजिक संस्था नरेला विकास संगठन ने पुनर्वास कॉलोनी सेक्टर ए6 पॉकेट 13 में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेला एसीपी सुरेश कौशिक व अति विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा का संस्था पदाधिकारियों द्वारा शाल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन संगठन महासचिव एनडी अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि व संस्था पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रगीत व वंदे मातरम के साथ भारत माता के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। मुख्य अतिथि एसीपी सुरेश कौशिक ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आजादी को मिले 76 साल हो चुके हैं। आजादी के 77में साल में हम आजादी का अमृत काल मना रहे हैं इसके लिए हमारे बहुत से स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की कुर्बानी देकर देश को स्वतंत्रता दिलवाई। आज पूरा देश उनका कृतज्ञ है। वहीं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा ने राष्ट्र को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि हमें अपने राष्ट्र पर न्योछावर होने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम में वैष्णवी की टीम ने राष्ट्रभक्ति के गीतों पर एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने बच्चों को स्टेशनरी व मिठाई के डिब्बे भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में नरेला विकास संगठन चेयरमैन हाजी अब्बास अली, प्रधान हेमराज बंसल, महासचिव एनडी अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास वर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान जेपी बागेश्वर, उप प्रधान रजनीश गुप्ता, उप प्रधान इंद्र सिंह, राजेंद्र राठधनिया, नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल, सेंटर संचालिका संगीता दिवाकर, सतवंती, मुन्ना यादव, जितेंद्र यादव, संदीप, राहुल, प्रेमपाल मौजूद रहे ।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी आरडब्ल्यूए ने मनाया स्वतंत्रता दिवस





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके में वजीरपुर जेजे कॉलोनी आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष इन्द्रकुमार बत्तरा ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता, पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, भाजपा दिल्ली प्रदेश कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग, निगम पार्षद योगेश वर्मा, निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, पूर्व पार्षद देवराज कोली, प्रेम कुमार विद्यार्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस हरीकिशन जिंदल व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का आरडब्ल्यूए अध्यक्ष इन्द्र कुमार बत्तरा ने स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष इन्द्र कुमार बत्तरा, संरक्षक सोहन लाल, राजू पहलवान, रणधीर सिंह आजाद, अशोक कुमार प्रधान, अकील खान, पंजाब सिंह, मुकेश कुमार मोनी, मेघ सिंह राणा, लाल सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, सत्यनारायण, आरएन जायसवाल, दिलशाद अली, अख्तर अली, सिकन्दर अली, प्रमोद कश्यप, मदन कुमार, रामकिशोर बंसीवाड, राजीव मोनू, सुन्दर लाल अरोड़ा, मोहन सिंह बिष्ठ, आशीष बत्तरा, अंकित, लक्ष्य, सूरज, मोंटी सहित कई कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष इन्द्र कुमार बत्तरा ने बताया कि आज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कई प्रकार के सांस्कृतिक व देश भक्ति से जुड़े हुए कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# जहांगीरपुरी: नाज कम्प्यूटर सोशल फाउंडेशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नाज** कम्प्यूटर सोशल फाउन्डेशन एनजीओ द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और संस्था के बच्चों के लिये जीके प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विजयी बच्चों को गिफ्ट देकर उनका हौंसला भी बढ़ाया गया। इसके साथ ही बच्चों को स्टेशनरी और रिफ्रेशमेंट भी बांटा गया। देशभक्ति गानों पर संस्था के बच्चों ने अपना हुनर डांस द्वारा दिखाया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था के निर्देशक इरफान और अध्यक्षा गुलनाज खान द्वारा किया गया।



मुख्य अतिथि के रूप में उषा देवी बौद्ध साहित्य मेमोरियल ट्रस्ट की चेयर पर्सन एवं भ्रमपाल सिंह और साक्षी डीसीडब्ल्यूए की मेम्बर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही संस्था के पूरे स्टाफ विशेष तौर पर शफक, नेहा, फरहा, मुस्कान, अभय सिंह, सचिन, शाकिर, तबस्सुम और संस्था के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# भलस्वा गांव: विधायक और पार्षद ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड**-17 (भलस्वा वार्ड) के आने वाले भलस्वा गांव में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और वार्ड नम्बर-17 के निगम पार्षद अजीत यादव के कर कमलों द्वारा भलस्वा गांव सोताश वाली गली और राजपाल यादव वाली गली और वाल्मीकि चौपाल से लेकर यादव बेकरी तक वाली गली में सड़क का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भलस्वा आरडब्ल्यूए के मेंबर और भलस्वा गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने विधायक अजेश यादव और निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया। इस मौके पर विधायक अजेश यादव ने कहा कि आज भलस्वा गांव में सड़कों को बनवाया गया है, जिससे की यहां के लोगों को बेहतर सड़के मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं, ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि आज भलस्वा गांव में सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। हमारा प्रयास है कि जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार रखे।

# प्रेम नगर: जनहित के कार्य की राजनीति करती हैं आम आदमी पार्टी: सुरजीत पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी के पूर्व नेता विपक्ष व वार्ड नंबर-38 से पूर्व निगम पार्षद रह चूके सुरजीत सिहं पंवार ने कहा कि आम आदमी पार्टी काम की राजनीति करती है। जब दिल्ली में आप की सरकार बनी तो अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि वे सिर्फ जनता के लिए काम करेंगे, और उसी रणनीति के साथ लोगों कि भलाई में कार्य कर रहीं हैं। पंवार ने आगे बताया कि कांग्रेस-भाजपा की राजनीति से लोग थक चुके हैं। वे अब काम की राजनीति चाहते हैं, जो आम आदमी पार्टी की दे सकती है। आम आदमी पार्टी सिर्फ राजनीति करने ही नहीं राजनीति बदलने भी आई है। अब कांग्रेस-भाजपा के लोग भी शिक्षा, अच्छी



चिकित्सा सुविधा देने की बात करने लगे हैं, लेकिन इन पार्टियों का सिर्फ एक ही एजेंडा है सरकार बनाओ और 5 साल कुछ नहीं करो।

**चुनाव नज़दीक आते ही बेचते हैं लुभावने सपने: पंवार** का कहना हैं कि चुनाव नजदीक आते ही भाजपा और कांग्रेस पार्टी द्वारा देश की भोली भाली जनता को लुभाने के लिए तरह तरह प्रलोभन देने की कोशिश की जाती हैं, और वोट बटोर लिए जाते हैं। वहीं सुरजीत पंवार ने यह भी बताया कि पड़ोसी राज्य पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जो वादे किए थे, वह वादे भी अब सरकार बनते ही पूरे करने शुरू कर दिए। पूरे देश में दिल्ली ही ऐसा राज्य है, जो लाभ में चल रहा है। दिल्ली सरकार लाभ में भी चल रही है और सहूलियत भी दे रही है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टोलरेंस की नीति अपना रही है, जो भी भ्रष्टाचार करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, वहीं पूरे देश में आम आदमी पार्टी के हक में बदलाव की लहर चल चुकी है, जिससे विपक्षी पार्टियां घबराहट में हैं।

# विधायक जितेन्द्र महाजन और पार्षद रितेश सूजी ने किया ध्वजारोहण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**स्वतंत्रता** दिवस के मौके पर विधायक जितेंद्र महाजन व पार्षद रितेश सूजी के द्वारा चौ जिले सिंह चौक पर तिरंगा फहराया गया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व प्रख्यात कवि डॉ प्रवीण शुक्ल, मुकेश गौतम (विभाग कार्यवाह, अनीस मिश्रा (अध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ दिल्ली प्रदेश) संजय जैन, मनोज गुप्ता(स्वदेशी जागरण मंच), डॉ सुरेंद्र वर्मा, रवि पंडित, राजकुमार शर्मा, विनय भारद्वाज, एडवोकेट वाई के शर्मा, प्रोफेसर नमन जैन, मुकेश पांचाल, ,विनोद पांचाल, विनोद त्यागी, प्रिंसिपल सतीश भाटी, संगीता चौधरी, मनोहर मावी, शीतल गोस्वामी, नितिन शर्मा, विवेक गर्ग, शिवम गर्ग, भजन गायक नरेंद्र चन्दर, निर्दोष की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# महिलाओं को उनका हक, हिस्सेदारी और न्याय मिलना चाहिए: दक्ष मेहरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा महिलाओं को उनका हक और हिस्सेदारी दिलाने के उद्देश्य से आईवाईसी के बड़े कैंपेन 'शक्ति सुपर सी' का पोस्टर आदर्श नगर जिले में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान लांच किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर देश के कोने-कोने में इस मुहिम के माध्यम से देश की बेटियां तिरंगा झंडा फहराएंगी। इस प्रेस वार्ता के दौरान दक्ष मेहरा अध्यक्ष जिला आदर्श नगर युवा कांग्रेस और ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिंह राघव, जिला आदर्श नगर कोऑर्डिनेटर टोनी मेहरा मौजूद



रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दक्ष मेहरा ने कहा कि मोदी सरकार का नारा 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ' खोखला साबित हुआ है, आज देश में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि आईवाईसी के बड़े कैंपेन 'शक्ति सुपर सी' से बहुताय की संख्या में महिला और यूथ जुड़ेगा। भारत सिंह राघव ने कहा कि भाजपा के शासन में महिलाएं सुरक्षित नहीं है, महिलाओं को उनका मिलना चाहिए। इसके लिए कांग्रेस महिला शक्ति के साथ खड़ी है।

# नरेला में मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों द्वारा ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिससे पूरा शहर देश भक्ति में डूबा नजर आया। इसी कड़ी में मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन ने पटवार घर मेन बाजार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। संस्था पदाधिकारियो द्वारा सभी का तिरंगा पटका पहनकर स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन मनोज बंसल ने किया। कार्यक्रम में गणमान्यों द्वारा





ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद राष्ट्रगीत व वंदे मातरम के साथ भारत माता के नारे लगाए गए। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था अध्यक्ष हेमराज बंसल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों के बलिदान के बाद हमें आजादी प्राप्त हुई थी और आज के दिन उन सभी शहीदों के बलिदान को याद करते हुए हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि आखिर साँस तक हम माँ भारती की सेवा में संलग्न रहेंगे। एसोसिएशन के प्रधान श्री भगवान ने कहा कि पूरे भारत वर्ष में आज के दिन यह महापर्व मनाने का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को आजादी का महत्व समझाने का होता है जिससे की वह ये महसूस कर सके कि कितने बलिदानों के बाद हमें आज प्राप्त हो सकी थी। वहीं, एसोसिएशन के महासचिव मनोज बंसल ने कहा कि मेन बाजार में स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक वर्ष बड़ी धूमधाम से आपसी भाई चारे, सौहार्द और उत्साह के साथ मनाया जाता है तथा मेन बाजार नरेला के समारोह में ना केवल मेन बाजार नरेला के समस्त व्यापारी अपितु पूरे नरेला क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व रहता है। कार्यक्रम में पूर्व निगम पार्षदा सविता नरेश खत्री, समाज सेवी विजय भारद्वाज, गुरुद्वारा सिख सभा प्रधान सरदार श्रवण सिंह ,वरिष्ठ समाज सेवी जगदीश खत्री,वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉक्टर अश्विनी, प्रमुख समाज सेवी प्रवीन लाकड़ा, समाज सेवी नरेश खत्री,नरेला चेतना मंच से वाइस चेयरमैन आनंद खत्री, महासचिव मोहित गुप्ता, उप-प्रधान कपिल भारद्वाज, उप- प्रधान अनिल शर्मा , नवीन मल्होत्रा ,फेडरेशन ऑफ नरेला अध्यक्ष जोगिंदर दहिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह खत्री, निगम प्रत्याक्षी आप ओमदीप ,नव शक्ति संगठन प्रधान नौतन दास अरोड़ा , प्रसिद्ध भजन गायक माँगे राम अत्री, जे पी बागेश्वर, जनहित फेडरेशन ऑफ नरेला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, नरेला वुमेन विंग अध्यक्षा शालिका अग्रवाल, किड्ज मेजिक स्कूल से प्रतीक बंसल, अजय कुमार, रामपाल आर्य, रवींद्र अग्रवाल, गजराज सिंह , सुरेन्द्र शर्मा, राम कुमार खत्री ,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से तरुण बंसल, एस पी अग्रवाल ,संदीप और मनदीप व मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन से चेयरमैन हेमराज बंसल चेयरमैन, श्रीभगवान प्रधान,मनोज बंसल महासचिव, अनिल वर्मा कोषाध्यक्ष, अनिल आर्य वाइस चेयरमैन, विकास बंसल उप प्रधान, सुनील गर्ग सचिव, प्रवीण वर्मा सह कोषाध्यक्ष, अमित बंसल सह सचिव, संरक्षक श्री निवास वर्मा, नरेश गुप्ता, सुनील वर्मा, सीता राम,मास्टर राकेश वर्मा और अनन्त राम ,हरीश खन्ना, सतीश शर्मा, राकेश बंसल, दौलत राम, प्रेम स्वामी, गौरव मारवाह ,मोहित गुप्ता, मनोज छारिया,अमित बंसल, सन्नी भारद्वाज, सुनील खन्ना, राहुल गर्ग, मदनमोहन गाबा, नरेश सिंघल, प्रमोद गुप्ता, साहिल गुप्ता मौजूद रहे।

# आज हर भारतवासी के लिए खुशी का दिन पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा: संदीप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के राज्य मंत्री संदीप सिंह ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानीगण के परिजन, सम्मान के योग्य बुजुर्गों, माताओं, भाइयों बहनों, प्यारे बच्चों, जिला प्रशासन के अधिकारी गण, पत्रकार-छायाकार बंधुओं सहित उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए आजादी की 77वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं पर मुश्किल हालातों के बीच मुस्तैदी से तैनात वीर जवानों को भी स्वतंत्रता दिवस की विशेष तौर पर बधाई देता हूं। आज हर भारतवासी के लिए खुशी का दिन है। आज हर गली, हर मोहल्ले में तिरंगा है। हर घर हर दफ्तर में तिरंगा है। हर वाहन, हर हाथ में तिरंगा है। पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है। पूरा देश देशभक्ति के रंग में रंगा है। प्रिंटिंग एवं

**आजादी की वर्षगांठ**

**8 आज हर गली, हर मोहल्ले के हर घर हर दफ्तर में तिरंगा और हर वाहन तथा हर हाथ में तिरंगा है**

स्टेशनरी मंत्री संदीप सिंह स्थानीय सेक्टर-12 के हेलीपैड ग्राउंड में 77 वे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इस दिन के लिए मा भारती के न जाने कितने ही सपूतों ने अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। इसी दिन के लिए असंख्य देशभक्तों ने कष्ट झेले और यातनाएं सही। इस पावन अवसर पर आजादी की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों को नमन करता हूँ और उन वीर सैनिकों की भी सलाम करता हूं, जिन्होंने आजादी के बाद देश की एकता



व अखंडता की खातिर अपने प्राण न्योछावर कर दिए हैं । उन्हीं के अनुपम बलिदान के कारण आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे आज यहां ध्वजारोहण करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। आप सभी जानते हैं। पिछले दो साल से हम सब 'आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे थे। इस महोत्सव के समापन अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया है। गत 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ पर शुरू किए गए। इस अभियान में देश के हर गांव व हर शहर की मिट्टी इकट्ठी की जा रही है। हम सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन की पहली चिंगारी 10 मई, 1857 को हरियाणा के अम्बाला से फूटी थी। उस चिंगारी ने आगे चलकर ऐसा जन-आन्दोलन खड़ा किया, जिसके बलबूते हम सन 1947 में अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने में कामयाब रहे। इस आंदोलन के बलिदानियों की देशभक्ति से हमारी युवा पीढ़ी प्रेरणा हासिल करें. इसके लिए हम अम्बाला छावनी में शहीदी स्मारक बना रहे हैं। आजादी के बाद भी 1962, 1965 व 1971 के विदेशी आक्रमण से लेकर कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिक व अर्धसैनिक बलों के जवानों की अनुग्रह राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपए की गई है।

आई.ई.डी. (कए.ऊ) ब्लास्ट के दौरान शहीद होने पर भी अनुग्रह राशि बढ़ाकर 50 लाख रुपए की गई है। अब तक शहीदों के 367 आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी प्रदान की गई है। हरियाणा के राज्य मंत्री संदीप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मेरी माटी-मेरा देश अभियान में ऐसे ही वीरों के नाम पूरे देश के गांवों के गौरव पट्ट पर अंकित किए जा रहे हैं। सुशासन से सेवा के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालने वाली वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते पूरे हरियाणा और हरेक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए काम किया है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए पारदर्शी शासन दिया है। गीता के कर्म के संदेश की इस पावन भूमि के इतिहास में धार्मिक असहिष्णुता और हिंसा का कोई स्थान नहीं रहा है। इसी के अनुरूप हम प्रदेश में प्रेम, प्यार और भाईचारे की बयार बहाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। पिछले 9 साल में हरियाणा सदस्य व, सौहार्द समान विकास, समरसता के साथ-साथ उन बदलावों का बाहर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरबाला हुआ है। हमने जनसेवा और जनता के बीच दीवार बन चुकी व्यवस्था को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी के कुशल नेतृत्व में न केवल बदलने का काम किया गया है, बल्कि ऐसी व्यवस्था देने का प्रयास किया गया है, जिसमें जन-जन को योजनाओं और सेवाओं का लाभ सरल तरीके से प्राप्त हो। देश की आजादी से लेकर लम्बे समय तक गरीब कल्याण की बातें ती की जाती रही, लेकिन उनका लाभ पात्र तक नहीं पहुंच पाया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के दर्शन के अनुरूप प्रदेश के सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया, जिससे पात्र परिवारों की पहचान कर योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया गया। आज जनता और सरकार का संपर्क सीधा है। हमने प्रशासन में मानव हस्तक्षेप को न्यूनतम करने के लिए आई.टी. का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गरीब परिवारों के बच्चों से भीख न मंगवाकर उनकी पढ़ाई लिखाई सहित हर जरूरत पूरी की जाएगी : एडीसी आनन्द शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों से भीख न मंगवाकर उनकी पढ़ाई लिखाई सहित हर जरूरत पूरी की जाएगी। स्लम बस्ती क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन द्वारा आज पहला कैंप एनएचपीसी के पास संतोष नगर में लगाया गया है। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला में चिन्हित किए गए गरीब बच्चों को सभी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। एडीसी आनन्द शर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा आज से सन्तोष नगर में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्प का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने कहा कि इन कैंपों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिला फरीदाबाद में लगभग 1637 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जा रहे हैं और।

कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जा रहे हैं जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जा रहा है। इन सभी 0 से 18 वर्ष के सभी बच्चों का पूरा ब्यौरा भरा जा रहा है और 0 से 6 साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में डेली बैसिज पर चैकिंग करके रिपोर्ट बनाई जाएगी और 6 से 18 वर्ष तक आयु के बच्चों को स्कूल जाने सहित बच्चों की आवश्यकता के अनुसार स्कूलिग की व्यवस्था की जाएगी। बता दें कि यह कैंप, महिला एवं बाल विकास विभाग, डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ, शिक्षा, एमसीएफ, एनआईसी सहित तमाम विभागों के द्वारा मौके पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर इन कैंपों में आ रहे बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चों को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्चूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की जा रही है। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। सीडब्ल्यूसी कमेटी की सिफारिश पर बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। आज का कैम्प नव सृष्टि एनजीओ के सहयोग से आयोजित किया गया है।

#### कैम्प में ये जरूरी सुविधाएं दी जा रही है फ्री में :-

जिला प्रशासन की तरफ से डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एडीसी आनन्द शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिव्यांग जनों एवं निराश्रित, बेसहारा, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम जैसी परिस्थितियों में रहकर ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ऐसे बच्चों के लिए आधार कार्ड,परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, निवास स्थान बनाने और स्वास्थ्य जांच के लिए कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है।

#### कैम्प यहाँ आयोजित हो रहे हैं :-

कैम्पों का आयोजन आज 16 अगस्त को गवर्नमेंट प्राथमिक विद्यालय संतोष नगर में 17 अगस्त को एसी नगर स्थित वैष्णव कॉन्वेंट स्कूल में तथा 18 अगस्त को इंदिरा नगर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित किया जाएगा।

#### ये अधिकारी रहे मौजूद :-

सीडब्ल्यूसी के जिला चेयरपर्सन श्रीपाल कहराना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा, जिला महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, एमसीएफ सहित तमाम विभागों के अधिकारी और नव सृष्टि एनजीओ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकार आने पर गांव पाली में बनेगा राज्यस्तरीय स्टेडियम : विजय प्रताप

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हर वर्ष की भांति इस बार भी स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव पाली में ऐतिहासिक कबड्डी एवं कुश्ती टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आई टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में चौ. विजय प्रताप सिंह कांग्रेसी नेता एवं प्रत्याशी बडखल विधानसभा क्षेत्र ने शिरकत की। ग्रामीणों ने उनका पगड़ी एवं शॉल पहनाकर स्वागत किया। विजय प्रताप सिंह ने आए हुए खिलाडियों से हाथ मिलाकर मैच का शुभारंभ किया।

## मानव रचना परिसर में धूमधाम से मनाया गया देश की आजादी का जश्न

**क-**

**8 देशभक्ति कार्यक्रमों के जरिए वीर सेनानियों को नमन करते हुए दिखाया देशप्रेम**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मानव रचना में मंगलवार को भारत का 77 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। परिसर के सेंट्रल लॉन में आयोजित कार्यक्रम में एमआरआईआईआरएस उप कुलपति डॉ. संजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर जनरल एमआरआईआईआरएस लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. आरके आनंद और एमआरआईआईआरएस अलुमनाई



रिलेशन ऑफिस हैड और इंटरनेशनल अफेयर्स सान्या भल्ला ने मिलकर ध्वजारोहण किया। इस दौरान शिक्षकों सहित कर्मचारी और छात्र भी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचीं सान्या भल्ला ने हर घर तिरंगा अभियान विषय पर सभी को संबोधित किया। इसके बाद संस्थान की म्यूजिक सोसायटी सुर तरंग की ओर से देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई। फाइन आर्ट, देशभक्ति कविता, नृत्य आदि कार्यक्रमों के जरिए छात्रों ने देश के वीर सेनानियों को नमन करते हुए देशप्रेम का परिचय दिया। वहीं नुक्कड़ नाटिका के जरिए दशार्या कि किस तरह वीरों ने प्राणों की आहूति देते हुए अंग्रेजों से देश को आजाद कराया था। इस दौरान परिसर में पतंगबाजी का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ. संजय श्रीवास्तव, उप कुलपति, एमआरआईआईआरएस ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस साल स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया गया है। इस अभियान का उद्देश्य उन साहसी शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और बहादुर महिलाओं को सम्मान और श्रद्धांजलि देना है, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों ने देश को आजाद कराने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था, वहीं आज देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम देशवासियों पर विशेष तौर पर युवा पीढ़ी पर है। लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. आरके आनंद ने संबोधन में कहा कि इस आजादी के जश्न पर हम सभी को देश की मिट्टी का नमन और स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम को याद करते हुए उन्हें वंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ये अभियान हमारे हृदय में उन वीर सेनानियों के बलिदान के प्रति असीम प्रेम को दशार्ता है, जो देशरक्षा के लिए शहीद हुए हैं।

## असली जननायक है केजरीवाल : भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि'देश में एक नई राजनीतिक क्रांति को जन्म देने वाले और आम आदमी की आवाज को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाने वाले आम आदमी अरविंद केजरीवाल जी को अब की जनता असली जननायक कहने लगी है । उन्होंने कहा कि केजरीवाल जी जनता का दुख दर्द समझते हैं और जन हितैषी काम करते हैं और यही कारण है कि पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की भारी बहुमत से सरकार बनी । उन्होंने कहा कि सच में असली



जननायक हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उन्होंने ये जनता को दिखा भी दिया है । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश को नई राह दी है और वर्तमान में देश की सभी बड़ी पार्टियों उसी राह पर चल रही हैं । उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल की राह में हमेशा अड़ंगा लगाने का प्रयास करती रहती है लेकिन केजरीवाल का रास्ता ना कभी रोक पाई थी ना कभी रोक पाएगी । उन्होंने कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार हाल में लोकसभा और राज्यसभा में दिल्ली अध्यादेश बिल पास करवा कर दिल्ली की करोड़ों जनता पर बड़ा कुठाराघात किया है ।

दिल्ली की जनता भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सभी सात सीटों पर चुनाव जीतेगी । धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भाजपा ने फरीदाबाद को 9 साल से बर्बाद कर डाला । जिले के लोग बिजली पानी सड़क के लिए तरस रहे हैं तरस रहे हैं ।

### स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों की बदौलत हम ले रहे है आजादी की खुली हवा में सांस : राजेश

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल, मार्केट नंबर 1 में, इसके उपरांत व्यापार मंडल फरीदाबाद परिसर, करनेरा स्थित बालाजी कॉलोनी पार्ट 2 में, व डॉ अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधान राजेश भाटिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया।मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने उपस्थित मनोज गोयल, राहुल झा व टीम द्वारा दीप प्रज्वलित करा कर कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया तत्पश्चा प्रधान राजेश भाटिया ने उपस्थित अतिथि गणों सहित राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया।

## कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की अधिकारियों के साथ की समीक्षा



**बल्लभगढ़,फरीदाबाद, 16 अगस्त (हरपाल सिंह यादव )।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज सोमवार को दोपहर बाद बल्लभगढ़ स्थित रेस्ट हाउस में बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के संग बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बैठक में सर्वप्रथम सेक्टर- 3 की समस्याओं को लेकर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बल्लभगढ़ गुडगांव कैनाल के साथ से गुजर रही बिजली बड़ी हाई टेंशन लाइन को भी सेक्टर के मकान के ऊपर से हटाया जाएं। ताकि लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। वहीं बैठक में सेक्टर- 3 के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा द्वारा ली गई बैठक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की एडमिनिस्ट्रेटर गरिमा मित्तल, स्टेट अफसर सिद्धार्थ और सिंचाई विभाग की तरफ से भी कार्यकारी अभियंता वीएस रावत सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सेक्टर- 3 के बराबर से निकल रही गुडगांव कैनाल के साथ बनाए जा रहे आरएमसी रोड के साथ हाईटेंशन लाइन जाती है। जिससे सेक्टर- 3 के मकानों में करंट से हादसा होने का डर हमेशा बना रहता है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भी आदेश दिए हैं कि वे इस हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने के लिए अपने विभाग की मंजूरी तुरंत प्रभाव से संबंधित विभाग को दें। ताकि हाईटेंशन लाइन को भी जल्द से जल्द शिफ्ट किया जा सके और लोगों की सुरक्षा की जा सके । उन्होंने कहा कि जल्द ही गुडगांव कैनाल के साथ वाला रोड बनकर तैयार हो जाएगा। जिससे आवागमन सुगम हो जाएगा। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण भी किया।

## गोयल ने पौधारोपण कर मनाया 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

**योगदान**

**8 समाज में अपना कुछ न कुछ योगदान अवश्य देना चाहिए फिर वो बेशक किसी भी रूप में क्यों न हों।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल फरीदाबाद के एनआईटी में स्थित संजय कॉलोनी के मकान नंबर 667 में राज कुमार जिंदल के घर पहुंचे जहां पर संजय कॉलोनी, सेक्टर 22 और ईस्ट इंडिया कॉलोनी की आरडब्लूए के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने जलपान किया



और सभी कों स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने सभी कार्यकर्ताओ का हौसला बढाया और चाय पर बुलाने के लिए सभी आरडब्लूए के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। इस मोके पर पूर्व मंत्री ने क्षेत्र के बारे में चाय पर राजनितिक चर्चा की। इससे पहले राजकुमार जिंदल व अन्य मोजीज लोगों ने पूर्व मंत्री का फटका पहनाने के साथ साथ शाल ओढाकर भी स्वागत किया और मोमेंटो के तौर पर कृपान भेंट की। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने इसके बाद मकान नंबर 667 के साथ लगते पार्क में पौधारोपण भी किया और सभी कों सन्देश दिया की हम सभी कों समाज में अपना कुछ न कुछ योगदान अवश्य देना चाहिए फिर वो बेशक किसी भी रूप में क्यों न हों। आपको बतादें पूर्व मंत्री विपुल गोयल बतौर पर्यावरण मंत्री रहते हुए भी वृक्षारोपण के प्रति बहुत गंभीर थे जिसका उदाहरण भी हैं की पूर्व मंत्री ने केवल तीन घंटो में ढाई करोड़ पौधे लगाने की मुहीम छेड़कर एक पौधा हर हरियाणवी के नाम लगा रिकॉर्ड भी कायम किया था।

इस कार्यक्रम में राजकुमार जिंदल, सुरेश अग्रवाल, योगेश

# मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिला के नौ गावों में आयोजित हुए कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा शूरवीरों की धरती है। यहां सन 1857 में हुए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर कारगिल की लड़ाई तक यहां के जवानों ने दुश्मन को धूल चटाई है। जिला फरीदाबाद में आज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को नौ गावों में गणमान्य लोगों और शहीदों के परिजनों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और गांवों की पावन माटी को प्रणाम करते हुए शहीदों को याद किया। बता दें कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया है। इस कार्यक्रम का मकसद है कि हम अपने वीर शहीदों को सदा याद रखें और युवा पीढ़ी को इन महान बलिदानियों की तप, तपस्या और बलिदान की राह पर चलने की प्रेरणा ले रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि देशसेवा से बढकर इस धरती पर और कोई धर्म नहीं है। हमें जाति, धर्म, संपद्राय से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

आजादी अमृत महोत्सव की समापन श्रंखला में जिलावासी राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ राष्ट्रव्यापी मेरी माटी-मेरा देश अभियान में बढ़चढकर भागीदार बन रहे हैं। जिलाभर में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत आमजन के दिलों में वतन की मिट्टी और आजादी में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति असीम सम्मान व प्रेम देखने को मिल रहा है। जिला वासियों ने बढ़चढकर भागीदारी करते हुए मिट्टी को नमन करते



हुए वीरों का वंदन किया और देश के वीर शहीदों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। डीसी विक्रम ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी करते हुए जिला वासियों को अपने घरों, संस्थानों व्यापारिक प्रतिष्ठानों और फैक्ट्रियों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों पर देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का आह्वान भी किया है।

**राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता दशार्ता है तिरंगा : डीसी**

डीसी विक्रम सिंह ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत आज मंगलवार को सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रिंटिंग एवं स्टेशनरी मंत्री संदीप सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए आमजन से प्रेरित किया कि लोगों को अपने घर पर राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्न अभियान के तहत यह मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ हमारा विशेष नाता है। राष्ट्रीय ध्वज को सामूहिक रूप से घर पर लगाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है।लोगों ने पंच प्रण का संकल्प दिला याद कराया देश के प्रति कर्तव्य बोध : मेरी माटी-मेरा देश अभियान में जिला वासियों ने पंच प्रण का संकल्प लिया। जहां जिला वासियों द्वारा संकल्प लेने की शपथ में ह्यमैं शपथ लेता हूं कि विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगा। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगा और इसके उत्थान के लिये हमेशा कार्य करता रहूंगा। देश की एकता और एकजुटता के लिये सदैव प्रयासरत रहूंगा। राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगा। देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगा।वहीं डीसी ने आमजन को पंच प्रण का संकल्प कार्यक्रमों में जिला वासियों ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ने, देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ और देश की रक्षा करने वालों के प्रति सम्मान करने और जिम्मेदार नागरिक होने के कर्तव्य को निभाने के उद्देश्य से पंचप्रण का संकल्प लिया।देश की पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी को सरकार की वेबसाइट पर करें अपलोडः-डीसी विक्रम सिंह ने नागरिकों से देश की पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी को सरकार की वेबसाइट ह्ययुवा डॉट गांव डॉट इनह्न पर अपलोड करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में बहुत से ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी व वीर हुए हैं जिनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417


## फास्ट न्यूज

### केन्द्रीय गृहमंत्री शाह 20 अगस्त को रायपुर आएंगे

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे शुरू हो चुके हैं। 20 अगस्त को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह रायपुर दौरे पर रहेंगे। वे रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में जनजातीय मंत्रालय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार वे चुनावी तैयारियों की समीक्षा भी कर सकते हैं। वहीं 26 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे महासमुंद आएंगे। इसी तरह 02 सितंबर को राहुल गांधी और 19 सितम्बर को केसी वेणुगोपाल का छत्तीसगढ़ दौरा होने वाला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 अगस्त को छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर आ रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का प्रदेश में दूसरा दौरा होगा। इससे पहले खड़गे प्रदेश के अनुसूचित जाति बाहुल्य जांजगीर-चांपा जिले में पिछले दिनों भरोसे का सम्मेलन में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना और भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना की राशि वितरण का कार्यक्रम महासमुंद में आयोजित किया जाएगा, जिसमें खड़गे शामिल होंगे।

### राजस्थान: 24 हजार 681 करोड़ निवेश के 7 प्रस्ताव मंजूर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में 24 हजार 681 करोड़ रुपये के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए 7 परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज देने की मंजूरी दी है। बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की पांचवी बैठक में मंजूर प्रस्तावों से 10 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गत साढ़े चार वर्षों में कई महत्वपूर्ण नीतियां एवं कार्यक्रम लागू किए हैं। राजस्थान में एमएसएमई नीति, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2019), रिप्स 2022, राजस्थान इंडस्ट्रियल डवलपमेंट पॉलिसी-2019, वन स्टॉप शॉप प्रणाली एवं सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्यमियों एवं निवेशकों को कई तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे प्रदेश में निवेश एवं रोजगार में वृद्धि हुई है। पर विनियान बोर्ड (बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट) की पांचवी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिशन 2030 के तहत राजस्थान को अग्रणी राज्यों में शामिल करने का संकल्प राज्य सरकार द्वारा लिया गया है एवं औद्योगिक विकास एवं निवेश में वृद्धि की इसमें अहम भूमिका है। वर्ष 2030 तक राज्य की जीडीपी को करीब ढाई गुना बढ़ाकर 35.71 लाख करोड़ रुपए ले जाने का हमारा लक्ष्य है। वर्ष 2018-19 में प्रदेश की जीडीपी करीब 9 लाख 11 हजार करोड़ रुपए थी जोकि आज करीब 14.14 लाख करोड़ रुपये हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए सोलर पार्क लगाए जा रहे हैं। सोलर पार्क में लगने वाले कॉम्पोनेन्ट्स की उत्पादन इकाइयों भी राज्य में लगाए जाने की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, रोजगार बढ़ेंगे तथा सोलर पार्क लगाने वाली इकाइयों को सुगमता से मॉड्यूल्स व कॉम्पोनेन्ट्स उपलब्ध हो सकेंगे। गहलोत ने औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

# यूपी: ग्रामीण आबादी को स्वच्छ पेयजल का तोहफा

## स्वतंत्रता दिवस पर राज्य के डेढ़ करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचा नल से स्वच्छ पेयजल, हर घर को नल से जल पहुंचने से खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

योगी सरकार ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य की नौ करोड़ ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल का अब तक का सबसे बड़ा तोहफा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन से 15 अगस्त को राज्य के 1,50,27,692 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिलने लगा। स्वच्छ पेयजल की धार ग्रामीणों के घरों तक पहुंचने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना से लाभान्वित होने वाले ग्रामीणों ने इस खुशी को गांव-गांव में मिलकर मनाया। इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों-कर्मियों को योगी सरकार ने पुरस्कार देने का एलान किया है।

**यूपी में प्रतिदिन दिए जा रहे 40 हजार से अधिक नल कनेक्शन:** उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से प्रतिदिन 40 हजार से अधिक नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही यूपी एक दिन में देश में अन्य सभी राज्यों से सबसे अधिक नल कनेक्शन देने वाला राज्य बन गया है। बड़ी आबादी होने के बावजूद यूपी संख्या के मामले में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाला दूसरा राज्य भी है। बिहार को छोड़कर बाकी सभी राज्य उत्तर प्रदेश से पीछे हैं।





### रोजगार की दिशा में योजना के बढ़ते कदम

हर घर को जल पहुंचाने के साथ यह योजना युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी तेजी से बढ़ रही है। योजना के तहत गांव-गांव में 1,16,366 युवाओं को प्लंबिंग, 1,16,366 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,366 मोटर मैकेनिक, 1,16,366 फिटर, 1,74,549 राजमिस्त्री, 1,16,366 पम्प ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा अपने गांव में पानी सप्लाई में आने वाली समस्याओं को दूर करेंगे। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में योजना से 4 लाख 80 हजार से अधिक महिलाओं को पानी जांच का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह महिलाएं गांव-गांव जाकर पानी की जांच कर रही हैं।



## माटी कला को बढ़ावा देगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए प्राविधानित धनराशि की दूसरी किस्त के रूप में 01.66 करोड़ रुपये जल्द ही जारी किए जाएंगे। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी एके पाल के मुताबिक राज्य सरकार द्वारा बजट में प्राविधानित धनराशि के अंतर्गत माटीकला बोर्ड से प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मदों में होने वाले खर्चे समेत विस्तृत कार्ययोजना मांगी थी। माटीकला बोर्ड द्वारा सौंपी गई कार्ययोजना एवं संबंधित योजनाओं के संचालन के लिए अनुमानित व्यय को ध्यान में रखकर ही इस आर्थिक अनुदान को स्वीकार किया गया है। इसी के आधार पर उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड को आर्थिक अनुदान की दूसरी किस्त के तौर पर 01.66 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उत्तर प्रदेश की लोक कलाओं, ग्राम्य परिवेश एवं ग्रामीण परंपराओं को प्रश्रय और लघु एवं ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत सरकार ने अब माटीकला को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माटीकला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के संचालन व अन्य जरूरी मदों में राज्य सरकार ने कुल 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इसमें से अभी केवल 01.66 करोड़ रुपये ही बोर्ड को पहली किस्त के तौर पर प्राप्त हुए हैं, जबकि शेष 08.33 करोड़ रुपये की धनराशि का आवंटन लंबित था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड को कुल प्राविधानित धनराशि में से आर्थिक अनुदान के तौर पर दूसरी किस्त की अदायगी किए जाने की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

## पांच साल बाद नीतीश को अटल की आई याद



**टीम एक्शन इंडिया/पटना/नई दिल्ली**

अटल बिहारी वाजपेई की मृत्यु के 5 साल बाद नीतीश कुमार को अचानक वाजपेई जी याद आ गए। बुधवार को नई दिल्ली स्थित समाधिस्थल सदेव अटल पर पहली बार हुआ जब नीतीश कुमार अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने दिल्ली पहुंचे। आज से पांच साल पहले यानि 16 अगस्त 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का निधन हो गया था। दिल्ली पहुंचे नीतीश कुमार दोपहर करीब दो बजे अटल बिहारी वाजपेयी के समाधिस्थल पर पहुंचे और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नीतीश कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी उनसे बहुत स्नेह करते थे। नीतीश ने कहा-अटल जी ने मुझे केंद्र में कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी थी। मुझे मुख्यमंत्री बनाने में उनकी भूमिका थी और जब मैं पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहा था तो वे शपथग्रहण समारोह में भी पहुंचे थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब 2018 में अटल जी का निधन हुआ था तो मैं यहां आया ही था लेकिन बीच में कोराना के कारण यहां नहीं आ पाया था। हालांकि नीतीश कुमार की ये दलील हास्यास्पद ही थी। कोरोना के कारण सिर्फ 2020 में स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के समाधिस्थल पर श्रद्धांजलि समारोह नहीं हुआ था। इसके अलावा हर साल उनकी पुण्यतिथि पर वहां श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

**श्रद्धांजलि**

> अटल जी ने मुझे केंद्र में कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी थी। मुझे मुख्यमंत्री बनाने में उनकी भूमिका थी: नीतीश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद ग्रुप फोटो में मंत्रियों के साथ।

## पाक झंडे की क्लिप लगाने पर दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**मुंबई** पुलिस ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस समारोह की एक क्लिप पोस्ट करने के आरोप में दो कॉलेज छात्रों को गिरफ्तार किया है। कोलाबा के रहने वाले दो पुरुष छात्रों को सोमवार की देर रात गिरफ्तार किया गया था, लेकिन फिर चेतावनी देने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया था। कोलाबा पुलिस के अनुसार दोनों छात्रों ने ने अपने इंस्टाग्राम पाकिस्तानी झंडे की एक क्लिप अपने स्टेटस में पोस्ट की थी। कोलाबा के एक व्यापारी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने दावा किया कि इलाके के छात्रों ने पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के बारे में अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। शिकायत के आधार पर आतंकवाद निरोधी टीम (एटीएस) ने सोमवार की रात छात्रों को पकड़ा और उन्हें कालाबा पुलिस स्टेशन लेकर आए। दोनों छात्रों को सीआरपीसी की धारा 151(3) के तहत गिरफ्तार किया गया था। एटीएस और पुलिस ने दोनों छात्रों से वीडियो के बारे में पूछताछ की। उन्होंने बताया कि उनके किसी दोस्त ने उन्हें वीडियो भेजा था।

## सरकार से एनवाईसी कर्मचारियों की मांगें हल करने की मांग की

**जम्मू।** पूर्व मंत्री सत शर्मा ने एलजी प्रशासन से एनवाईसी के कर्मचारियों की शिकायतों पर गौर करने और उनका जल्द से जल्द समाधान करने पर जोर दिया है। उन्होंने यह बात जम्मू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित अपने जनता दरबार के दौरान कही, जहां बड़ी संख्या में प्रतिनिधिमंडल और व्यक्ति अपनी शिकायतें साझा करने और उन्हें हल करने में मदद मांगने के लिए पहुंचे थे। सत शर्मा ने कहा कि जेकेएनवाईसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने, अपने अध्यक्ष आसिफ अली भट के नेतृत्व में, अपनी नौकरियों से संबंधित अपनी चिंताओं को उठाया।






## नीतीश के 'अटल प्रेम' से बीजेपी सतर्क

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 'अटल प्रेम' प्रदेश भाजपा के बड़े नेताओं को कुछ हद तक डराने भी लगा है। ऐसे नेताओं के मुताबिक पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रशंसा नीतीश कुमार अकारण नहीं कर रहे हैं। असल में वे भाजपा नेताओं को आपस में लड़ाने का यत्न कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी और विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को अपने अंदाज में नीतीश के अटल प्रेम पर प्रहार किया। अटल अजातशत्रु थे। सभी दलों के नेता उनका सम्मान करते हैं। लेकिन, नीतीश जिस अंदाज में उनकी प्रशंसा करते हैं, वह झगड़ा लगाने वाला है। नीतीश इन दिनों लालकृष्ण आडवाणी की भी प्रशंसा कर रहे हैं। मगर, एक समय जब आडवाणी का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया गया था, नीतीश उनके पक्ष में नहीं थे।



**प्रयोगशाला** प्राचीन ग्रंथों में वानस्पतिक ज्ञान भंडार को सामने लाने का प्रयास करना चाहिए : दुर्गा शंकर

## 'प्राचीन ग्रंथों में भी वानस्पतिक ज्ञान का भंडार उपलब्ध'

**प्रदर्शनी**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

सीएसआरआई-एनबीआरआई के प्रयोगशाला कार्यक्रम में पादप विविधता, वर्गिकी एवं पादपालय पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी अपार वानस्पतिक ज्ञान का भण्डार उपलब्ध है। अतः वैज्ञानिकों को इस ज्ञान को भी सामने लाने के प्रयास किये जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्रों के बढ़ते क्षरण को कम करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे और इसके लिए लोगों को जागरूक भी करना होगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों को अपने कार्य पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से विभिन्न पादप प्रजातियां तेजी से विलुप्त हो रही हैं, ऐसे में इनके अभिलेखन में वर्गिकी अध्ययनों एवं पादपालय (हरबेरियम) का बहुत महत्व है। उन्होंने इस अवसर पर जारी किए गए उत्तर प्रदेश के ई-फ्लोरा तथा उत्तर प्रदेश के पादप संसाधन पुस्तक को एक बड़ी उपलब्धि बताया। संस्थान के निदेशक डॉ. ए के शासनी ने बताया कि पादप विविधता, वर्गिकी एवं पादपालय विषय सम्बंधित थीम पर आयोजित कार्यक्रमों में से प्रमुख रूप से भारत के राज्यों के राजकीय फूलों की सचित्र प्रदर्शनी, पादप विविधता में वर्गिकरण की द्विनाम पद्धति के जनक कैरोलस लिनियस द्वारा वर्गीकृत किये गए पौधों को प्रदर्शित करती हुई।



> बढ़ते क्षरण को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे और इसके लिए लोगों को जागरूक भी करना होगा